ANNUAL REPORT
2014-2015

Enjoying trust of over 13 million customers

विजया बैंक
VIJAYA BANK
(A GOVT. OF INDIA UNDERTAKING)
आपका भरोसेमंद साथी
A friend you can bank upon

मंडल के निदेशक
Board of Directors

श्री के.आर.शेणै
कार्यकारी निदेशक
Shri K.R. Shenoy
Executive Director

श्री किशोर सांसी
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
Shri Kishore Sansi
Managing Director & CEO

श्री बी.एस.रामा राव
कार्यकारी निदेशक
Shri B.S. Rama Rao
Executive Director

श्री संजय कुमार
सरकारी नामिती निदेशक
Shri Sanjay Kumar
Govt. Nominee Director

श्रीमती सुमा वर्मा
भा.रि.बैं. नामिती निदेशक
Smt. Suma Varma
R.B.I. Nominee Director

श्रीमती भारती राव
शेयरधारक निदेशक
Smt. Bharathi Rao
Shareholder Director

श्री पी.वैद्यनाथन
शेयरधारक निदेशक
Shri P. Vaidyanathan
Shareholder Director

श्री वाई.मुरलीकृष्णा
कामगार निदेशक
Shri Y. Muralikrishna
Workmen Director

इस वर्ष पदमुक्त हुए मंडल के निदेशक
Board of Directors who demitted office this year

श्री वी. कण्णन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Shri V. Kannan
Chairman & Managing Director

श्री वी.के.चोपड़ा
सरकारी नामिती निदेशक
Shri V.K. Chopra
Govt. Nominee Director

श्री पी.सी. नलवाया
गैर-अधिकारी नामिती निदेशक
Shri P.C. Nalwaya
Non-Official Director - CA Category

श्री अशोक गुप्ता
गैर-सरकारी निदेशक
Shri Ashok Gupta
Non Official Director

श्री एच.हरीश बल्लाल
अधिकारी-कर्मचारी निदेशक
Shri H. Harish Ballal
Officer-Employee Director

विषय वस्तु	पृष्ठ सं.	CONTENTS	Page No.
निष्पादन वैशिष्टय 2014-15	2	Performance Highlights 2014-15	128
निष्पादन की एक झलक	3	Performance at a glance	129
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश	4	Message from the MD & CEO	130
सूचना	6	Notice	132
निदेशकों की रिपोर्ट	7	Director's Report	133
कंपनी शासन पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट	28	Report of the Board of Directors on Corporate Governance	156
कंपनी शासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र	57	Auditor's Certificate on Corporate Governance	184
तुलन पत्र	58	Balance Sheet	185
लाभ व हानि लेखा	59	Profit & Loss Account	186
तुलन पत्र व लाभ व हानि लेखे की अनुसूचियां	60	Schedules to Balance Sheet and Profit & Loss Account	187
महत्वपूर्ण लेखा नीतियां 2014-15	68	Significant Accounting Policies 2014-15	195
लेखों पर टिप्पणियां	75	Notes on Accounts	202
नकदी प्रवाह विवरण	100	Cash Flow Statement	230
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	102	Report of the Auditors	232
बेसल प्रकटीकरण दस्तावेज	104	Basel Disclosure Document	234
ईसीएस प्रारूप	259	ECS Format	260
प्रॉक्सी फॉर्म	261	Proxy Form	262

वार्षिक सामान्य बैठक	ANNUAL GENERAL MEETING
दिनांक : 22 जून, 2015 समय : 10.30 बजे	**Date : 22nd June, 2015 Time : 10.30 a.m.**
स्थान : मुल्की सुंदर राम शेट्टी सभागृह,	**Place :** Mulki Sunder Ram Shetty Auditorium,
विजया बैंक, प्रधान कार्यालय, 41/2, एम. जी. रोड, बेंगलुरु - 560 001	Vijaya Bank Head Office, M.G. Road, Bengaluru - 560001

लेखा परीक्षक AUDITORS	पंजीयक व शेयर अंतरण एजेंट REGISTRAR & SHARE TRANSFER AGENT
मेसर्स कर्रा एण्ड कं. M/s. Karra & Co. मेसर्स एन सी मित्तल एण्ड कं. M/s. N C Mittal & Co. मेसर्स केपीएमसी एण्ड असोसिएटस M/s. KPMC & Associates मेसर्स पीकेएफ श्रीधर एण्ड संतानम एलएलपी M/s. PKF SRIDHAR & SANTHANAM LLP	**मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** **M/s. Link Intime India Private Limited** **सी -13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउंड** C-13, Pannalal Silk Mills Compound, **एल.बी.एस.रोड , भांडूप (पश्चिम),** L B S Road, Bhandup (West) मुंबई - 400 078 Mumbai - 400 078 फोन Phone (022) 25963838, फैक्स Fax (022) 25946969 ई-मेल E-mail: mumbai@linkintime.co.in

विजया बैंक VIJAYA BANK

(भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय Head Office No. 41/2, एम.जी.रोड, M.G. Road, बेंगलूर Bengaluru - 560 001

फोन Phone : 080 - 2558 4066 (20 लाईन्स lines) फैक्स Phone : 080 - 25594737

वेबसाईट Website : www.vijayabank.com

निष्पादन वैशिष्ट्य : 2014–15

कारोबार वृद्धि

- बैंक का कुल कारोबार अभी तक के उच्चतम स्तर पर ₹ 214035 करोड रहा.
- जमाराशियां 31 मार्च, 2014 के ₹ 124296 करोड से बढकर 31 मार्च, 2015 को ₹ 126343 करोड रही.
- कासा 31 मार्च, 2014 के ₹ 22860 करोड से 12.52% की वृद्धि दर्शाते हुए 31 मार्च, 2015 को ₹ 25721 करोड रहा. कुल जमाराशियों में कासा जमाओं की प्रतिशतता भी 18.39% से बढकर 20.35% हो गयी.
- अग्रिम 31 मार्च, 2014 के ₹ 82425 करोड से 6.39% की वृद्धि दर्शाते हुए 31 मार्च, 2015 को ₹ 87692 करोड रहे.
- कुल खुदरा अग्रिम 31 मार्च, 2014 के ₹ 15617 करोड से 19.97% की वृद्धि दर्शाते हुए 31 मार्च, 2015 को ₹ 18735 करोड तक पहुंचा. खुदरा अग्रिम कुल अग्रिमों का 21.36% है.
- ऋण जमा अनुपात 31 मार्च, 2014 की 66.31% से बढकर 31 मार्च, 2015 को 69.41% रहा.

लाभ और लाभप्रदता

- वर्ष के दौरान बैंक का कुल ब्याज आय 14.64% से बढकर पिछले वित्तीय वर्ष के ₹ 10707 करोड से ₹ 12274 करोड हों गई.
- 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की गैर ब्याज आय में 23.80% की वृद्धि हुई अर्थात् 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के ₹ 710 करोड से बढकर ₹ 879 करोड हो गयी.
- बैंक की कुल आय 15.20% की वृद्धि दर्शाते हुए वर्ष 2013–14 के ₹ 11417 करोड के प्रति वर्ष 2014–15 को ₹ 13153 करोड रही.
- 14.07% की वृद्धि दर्शाते हुए मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए परिचालन लाभ ₹ 1259.03 करोड रहा तथा निवल लाभ 5.65% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 439.41 करोड रहा.

आस्ति गुणवत्ता

- 31.03.2015 को बैंक का सकल एनपीए 2.78% रहा.
- 31.03.2015 को बैंक का निवल एनपीए अनुपात 1.92% रहा.
- 31.03.2015 को बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 64.01% रहा.

प्राथमिकता क्षेत्र परिचालन

- प्राथमिकता क्षेत्र संविभाग में 18.79% की बढोत्तरी हुई अर्थात् 31 मार्च, 2014 के ₹25855 करोड से बढकर 31 मार्च, 2015 को ₹ 30714 करोड हो गया.
- प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम 18.05% की वृद्धि दर्शाते हुए 31.03.2015 को ₹ 7546 करोड रहा.
- कमजोर वर्गों को अग्रिम में 20.39% की वृद्धि हुई तथा महिला हिताधिकारियों को अग्रिम में 26.93% वृद्धि हुई.

वित्तीय समावेशन

- बैंक ने आबंटित 3320 ग्रामों तथा 432 वार्डों को 289 शाखाओं तथा 827 बैंक मित्रों (बीसीए) के जरिए प्रावरित किया है.
- प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के एक भाग के रूप में, बैंक ने 12.19 लाख नए आधारभूत बचत बैंक खाते खोले तथा ₹ 63.63 करोड जमा संग्रहित किया और सभी खाताधारकों को रुपे कार्ड जारी किया.

प्रौद्योगिकी में प्रगति

- बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कई उत्पादों की शुरूआत की तथा वी–क्विकपे, वी–ज्ञान सागर, वी–अबकस, यूएसएसडी–एनयूयूपी, वी–ऑनलाइन एसबी, आदि विभिन्न नये उत्पादों/सुविधाओं द्वारा मौजूदा सेवाओं में सुधार किया.
- वर्ष के दौरान बैंक ने 15.40 लाख डेबिट कार्ड जारी किया है तथा कुल डेबिट कार्ड आधार 4459155 बन गया है.
- डेबिट कार्ड कारोबार 31 मार्च, 2014 के ₹ 464.96 करोड के प्रति 2014–2015 के दौरान बढकर ₹ 577.42 करोड हो गया.
- क्रेडिट कार्ड कारोबार में 31.03.2014 के ₹ 458.18 करोड के प्रति ₹ 514.57 करोड वृद्धि हुई.
- बैंक रुपे तथा वीसा के सहयोग से प्लैटिनम डेबिट कार्ड की शुरुआत की है.

पूंजी पर्याप्तता

- 8.28% के टियर–। अनुपात तथा 3.18% के टियर–।। अनुपात के साथ पूंजी तथा जोखिम भारित आस्ति का अनुपात 11.43% (बेसल–।।।) रहा.
- बैंक का सीआरएआर न्यूनतम निर्धारित 9% स्तर से अधिक है.
- वर्ष 2014–15 के दौरान, बैंक ने बेसल–।।। अनुपालक ₹ 1000 करोड की टियर–।। पूंजी तथा ₹ 500 करोड की बेमीयादी अतिरिक्त टियर–। पूंजी जुटायी.

निष्पादन की एक झलक

(₹ करोडों में)

प्रमुख मानदंड	2012–13	2013–14	2014–15
शाखाओं की संख्या	1359	1512	**1618**
आरक्षिति और अधिशेष	3863	5029	**5301**
सकल लाभ	1122	1104	**1259**
निवल लाभ	586	416	**439**
कुल जमाराशियां	97017	124296	**126343**
वृद्धि %	16.81	28.12	**1.65**
कासा जमाराशियां	20349	22860	**25721**
कुल जमाराशियों का %	20.54	18.39	**20.35**
सकल ऋण	70514	82425	**87692**
वृद्धि %	20.19	16.89	**6.39**
कुल कारोबार	167531	206721	**214035**
वृद्धि %	18.21	23.40	**3.47**
सकल एनपीए	1533	1986	**2443**
(%)	2.17	2.41	**2.78**
निवल एनपीए	910	1262	**1691**
(%)	1.30	1.55	**1.92**
निवेश	31285	42585	**44698**
प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम	19505	25855	**30714**
एएनबीसी के प्रति %	33.23	35.55	**35.97**
कुल कर्मचारी	12601	12822	**13617**
प्रति कर्मचारी कारोबार	13.87	16.74	**16.56**
प्रमुख अनुपात (%)			
जमा लागत	8.07	7.98	**8.10**
अग्रिमों पर आय	11.54	11.26	**11.34**
निवल ब्याज मार्जिन	2.13	2.02	**1.93**
आस्तियों पर आय	0.59	0.35	**0.33**
पूंजी पर्याप्तता अनुपात % (बेसल II)	11.32	10.97	**11.70**
पूंजी पर्याप्तता अनुपात % (बेसल III)	लागू नहीं	10.56	**11.43**

शेयरधारकों को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

बैंक के परिचालनात्मक परिवेश को आयाम देनेवाली भारतीय अर्थ-व्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण विकास एवं वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए हमारे बैंक के निष्पादन की समीक्षा आपके समक्ष रखते हुए मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है.

वर्ष 2014-15 में वैश्विक अर्थ-व्यवस्था में सुधार धीमा रहा. गत वर्षों में अभिहित अधोमुखी प्रवृत्ति के बाद, प्रमुख अर्थ-व्यवस्थाओं में अनिश्चितताओं और विभिन्न प्रवृत्तियों के होते हुए भी वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में लगातार सुधार होता रहा.

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान भारत की आर्थिक परिस्थितियों पर वैश्विक अनिश्चितताओं का संचयी प्रभाव, पिछली अर्थ व्यवस्था की नीति का दबाव तथा कमजोर निवेश मांग का प्रभाव रहा. बुनियादी आर्थिक संकेतक जैसे, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी), आयात और निर्यात में वृद्धि, सकल स्थिर पूंजी निर्माण आदि में सीमित सुधार दिखाई दिया. तथापि, वित्तीय वर्ष के दूसरे अर्ध-वर्ष में मुद्रास्फीति में गिरावट,आर्थिक मूलभूत तत्वों में सुधार और उच्च कारोबारी विश्वास के कारण संपूर्ण आर्थिक परिस्थिति में सुधार होने लगा. उपभोक्त मूल्य मुद्रास्फीति में मार्च 2014 के 8.25% की तुलना में मार्च 2015 के लिए अनुमानित 5.25% के साथ मुद्रास्फीति में संरचनात्मक अधोमुखी प्रवृत्ति दिखायी दी. हेडलाइन मुद्रास्फीति नकारात्मक प्रवृत्ति दिखाती हुई मार्च 2015 तक -2.30% रही.

भारतीय बैंकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे आर्थिक पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं तथा आर्थिक गतिविधियों के व्यापक पहलुओं में वृद्धि और विकास को बढावा दें. तथापि, वित्तीय वर्ष 2014-15 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को कमजोर आर्थिक गतिविधियों के परिणामस्वरूप कई चुनौतियों का सामना करना पडा. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने के कारण उच्च ब्याज दर का दौर रहा. इससे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के ऋण एवं जमा की वृद्धि पर असर हुआ, जिसकी वजह से वित्तीय वर्ष की अधिकतर अवधि के लिए इनमें सीमित सुधार हुआ.

वर्ष 2014-15 में अनुसूचित वाणिज्य बैंक की कुल जमाराशियों में वर्ष दर वर्ष 11.4% की वृद्धि हुई तथा बैंक ऋण में 9.5% की वृद्धि हुई. मार्च 2015 के अंत में अनुसूचित वाणिज्य बैंक का ऋण-जमा अनुपात 76.46% रहा. ऋण की वृद्धि में मंद गति के कारण बैंकों की निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में गिरावट आई.

निरंतर आर्थिक मंदी के फलस्वरूप बैंकिंग क्षेत्र की आस्तियों की गुणवत्ता में गिरावट प्रमुख चिंता का विषय बन गया है, साथ ही बैंकों की सकल गैर निष्पादक आस्तियां तेजी से बढ रही है. अधिक संख्या में ऋण में चूक तथा एनपीए के बढते स्तर के कारण बैंकों की लाभप्रदता पर असर पडा.

वित्तीय वर्ष 2014-15 में चुनौतिपूर्ण कारोबार परिवेश में प्रतिस्पर्धात्मक रहकर और अपनी क्षमताओं का प्रयोग करके तेजी से और सशक्त होकर आगे बढना, विजया बैंक के लिए प्रमुख चुनौतियां रहीं. वर्ष के दौरान, बैंक ने अपनी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित किया, उत्पाद और सेवाओं का विकास करता रहा, ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुपुर्दगी चैनल का विकास किया और भारत के प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंक के रूप में अपनी छवि बनाये रखने पर ध्यान केंद्रित किया. वित्तीय वर्ष 2014-15 में विजया बैंक का निष्पादन, मुख्यत: इन अपेक्षाओं के अनुरूप रहा.

इसी परिप्रेक्ष्य में, मैं वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक के निष्पादन वैशिष्ट्य आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं.

विजया बैंक ने सुगढित विकास, अनुशासन और लाभप्रदता का कारोबार मॉडल अपनाकर चुनौतिपूर्ण आर्थिक परिवेश का सामना किया ताकि सुदृढ परिचालनात्मक निष्पादन दे सके और भविष्य के विकास के लिए बैंक को पुन:प्रतिष्ठित किया जा सके. वर्ष के दौरान, चुनौतिपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, बैंक ने अपने कारोबार संविभाग को और सशक्त बनाने के लिए कई पहल की और तुलन पत्र को सुदृढ बनाने के लिए अनुशासित और विवेकपूर्ण रणनीति, अनुकूल संरचना और जोखिम के प्रति सतर्क दृष्टिकोण अपनाने हेतु सक्रिय प्रयास किया.

मूल कारोबार में निरंतर सक्रियता तथा कुशल लागत नियंत्रण के कारण बैंक एक मजबूत आधार बनाए रखते हुए अपनी आमदनी को बरकरार रख सका. मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए सकल लाभ 14.10% बढकर ₹ 1259 करोड रहा. ₹ 819.62 करोड के सभी आवश्यक प्रावधान करने के बाद वर्ष के लिए ₹ 439.41 करोड निवल लाभ प्राप्त हुआ है.

बैंक के कारोबार संविभाग को पुनर्संतुलन करने का महत्वपूर्ण उद्देश्य और उच्च लागत अधिमान्य दर जमा और कम आयवाले अग्रिम को छोडने का सचेत निर्णय का कारोबार संविभाग पर मध्यस्थ प्रभाव पडा. तदनुसार, मार्च 2015 को बैंक का कुल कारोबार 3.54% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 214035 करोड रहा.

बैंक की कुल जमाराशियां यथा 31 मार्च 2015 को ₹ 126343 करोड तक पहुँची, खुदरा मीयादी जमाराशियां 27.56% की ठोस वृद्धि हासिल करते हुए ₹ 39433 करोड रहीं. मार्च 2015 में, कुल जमाराशियों में अधिमान्य ब्याज दर की थोक जमा और जमा प्रमाण पत्रों का अनुपात कम होकर 14.14% रह गया. कासा (चालू और बचत बैंक जमा) जुटाने पर निरंतर ध्यान देने के फलस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2014-15 में बैंक की कासा जमाराशियां 12.52% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 25721 करोड रहीं. मार्च 2015

को सकल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का हिस्सा 196 बेसिक पाइंट बढकर 20.35 % हो गया.

बैंक का ऋण संविभाग बढकर ₹ 87692 करोड हो गया, वर्ष दर वर्ष 6.39% की वृद्धि दर्शायी गयी तथा ऋण-जमा अनुपात 69.41% रहा. बैंक के विविध ऋण संविभाग में अर्थ व्यवस्था के सभी उत्पादक क्षेत्र जैसे कृषि, उद्योग, लघु, छोटे तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कंपनी तथा बुनियादी सुविधा क्षेत्रों को ऋण, अति लघु क्षेत्र तथा खुदरा ऋण आदि सम्मिलित हैं.

प्राथमिकता क्षेत्र में, कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम यथा मार्च 2014 के ₹ 25855 करोड से 18.79% वृद्धि दर्शाते हुए मार्च 2015 में ₹ 30714 करोड रहा. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम, समायोजित निवल बैंक ऋण का 35.97% रहा. बैंक का कुल कृषि अग्रिम पिछले वर्ष के ₹ 10527 करोड से 14% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 11974 करोड रहा. शैक्षिक ऋण संविभाग 18.82% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 903 करोड तक पहुंचा. कमजोर वर्गों को ऋण 20.39% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 8685 करोड रहा तथा महिला हिताधिकारियों को ऋण में 26.93% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 6438 करोड रहा.

भारतीय अर्थव्यवस्था के संभाव्य वृद्धिदायक के रूप में उभरते हुए लघु, छोटे तथा मध्यम उद्यम के कारण, हमारे बैंक का एमएसएमई संविभाग 15.62% की अच्छी वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 15165 करोड रहा. खुदरा उधार को बढाने के लिए बैंक ने वर्ष के दौरान कई उपाय किए तथा खुदरा उधार संविभाग के अधीन बकाया अग्रिम 19.96% बढकर ₹ 18735 करोड रहा जो सकल ऋण का 21.36% है.

बैंक की आस्ति गुणवत्ता उद्योग में अभी भी सबसे बेहतरीन में से एक है. आस्ति गुणवत्ता की बढती हुई चिंताओं का समाधान करने हेतु, बैंक ने ऋण संविभाग की स्थिति की सजग निगरानी तथा गैर निष्पादन आस्तियों की वसूली पर ध्यान दिया. बैंक ने गैर निष्पादन आस्ति क्षेत्र में अंतर्वाह का नियंत्रण करते हुए तथा गैर निष्पादन आस्तियों की वसूली करते हुए बेहतर तथा सक्षम गैर निष्पादन आस्ति प्रबंधन सुनिश्चित किया है. मार्च 2015 तक बैंक की सकल गैर निष्पादक आस्ति का स्तर ₹ 2443 करोड रहा जिसका अनुपात 2.78% रहा. निवल गैर निष्पादक आस्ति का स्तर ₹ 1691 करोड रहा तथा निवल एनपीए अनुपात 1.92% रहा. मार्च 2015 को प्रावधान कवरेज अनुपात 64.01% रहा.

ग्राहक की सुविधा को सर्वोच्च स्थान देते हुए और बैंक के नीतिगत संकेंद्रन के अनुरूप, अपनी स्थिति को सशक्त बनाने हेतु बैंक ने सुपुर्दगी चैनलों को और भी विकसित किया है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 109 शाखाओं को जोडते हुए शाखाओं की कुल संख्या को 1618 तक बढाया है. यथा 31 मार्च, 2015 को बैंक के कुल एटीएम की संख्या 1383 रही.

देश की समावेशित वृद्धि ढांचे के अनुरूप, बैंक वित्तीय समावेशन कार्यसूची को सक्रिय रूप से कार्यान्वित कर रहा है. इस दिशा में बैंक का लक्ष्य है वित्तीय सशक्तीकरण तथा ग्रामीण जनता तक बैंकिंग सेवाएं ले जाना. प्रधान मंत्री के आह्वान का अधिदेश लेकर, देश को समर्पित हुए एक-दो महीनों के अंदर ही, विजया बैंक ने प्रधान मंत्री जन धन योजना के अधीन 12.19 लाख खाते खोल दिये, जिनमें ₹ 63.63 करोड शेष राशि है.

सतत और लगातार विकास सुनिश्चित करने और बेसल ढांचे तथा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप जोखिम प्रबंधन पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विश्वस्तरीय उच्च व्यवहार संहिता को प्राप्त करने के लिए बैंक ने मजूबत जोखिम प्रबंधन ढांचा तैयार किया है. बैंक के प्रौद्योगिकी पहल और नवोन्मेषी कार्य विशिष्ट और सफल है तथा लागत को कम करने, दक्षता का निर्माण तथा कारोबार वृद्धि हासिल करने तथा ग्राहक सेवा को सर्वोत्कृष्ठ बनाने हेतु समर्थक के रूप में कार्य कर रहे हैं.

अग्रसर रहते हुए, बैंक प्रमुख कारोबारी कार्यक्षेत्र के विकास में तेजी लाने हेतु धारणीय कारोबार में निवेश जारी रखेगा और सुदृढ बुनियाद का निर्माण करेगा. बैंक ने नयी कार्यनीति योजना 'मिशन 2020' अपनाया है जो लाभप्रदता,परिचालनात्मक दक्षता,आस्ति गुणवत्ता, जोखिम प्रबंधन और पहुंच के विस्तार के आधार पर सुदृढ कारोबार मॉडल के निर्माण करने हेतु आवश्यक निविष्टियां और निर्देश उपलब्ध करायेगा.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए हमने ₹ 1,45,000 करोड की जमाराशियां तथा ₹ 1,05,000 करोड के अग्रिम सहित ₹ 2,50,000 करोड का कारोबार लक्ष्य परिकल्पित किया है. 250 शाखाएं खोलकर और एटीएम की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करके नेटवर्क में और विस्तार करने का हमारा प्रस्ताव है. कारोबार के मिश्रण में हम खुदरा व्यापार पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि लाभप्रद वृद्धि सुनिश्चित की जा सके. आस्ति गुणवत्ता क्षेत्र में, हमारा कार्पोरेट लक्ष्य गैर-निष्पादक आस्तियों को राशिवार तथा प्रतिशत वार उत्तरोत्तर कम करना है.

बैंक को कॉर्पोरेट कारोबार संवेदनाओं और देशी आर्थिक परिवेश में संभाव्य सुधार से लाभ होगा. बैंक अपना कारोबार बरकरार रखते हुए विकास करता रहेगा तथा अवसरों का सही लाभ उठाने के लिए बैंक की स्पष्ट रणनीतियां हैं. आनेवाले वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु मैं प्रतिबद्ध रहूंगा. आपके निरंतर समर्थन तथा संरक्षण से, मुझे पूरा विश्वास है कि हमारा बैंक वर्तमान वर्ष के दौरान बुलंदियों को छू लेगा.

मैं, आप सभी महत्वपूर्ण शेयरधारकों को आपके निरंतर सहयोग तथा विश्वास के लिए तहे दिल से धन्यवाद देता हूं.

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

किशोर सांसी
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

विजया बैंक

प्रधान कार्यालय : बेंगलूरु

सूचना

ई–मतदान प्रणाली सहित 15 वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना शेयरधारकों को अलग से भेजी जा रही है.

निदेशकों की रिपोर्ट 2014–15

निदेशक मंडल, दिनांक 31 मार्च 2015 को लेखा परीक्षित तुलन–पत्र एवं 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लाभ–हानि लेखा सहित, बैंक की 35वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है.

प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण

आर्थिक परिदृश्य

वर्ष 2014–15 में विश्व के विभिन्न क्षेत्र और अर्थ–व्यवस्था भिन्न–भिन्न प्रवृत्तियों से गुजर रही थी, जिससे वैश्विक अर्थ–व्यवस्था में सुधार धीमा रहा. पिछले वर्ष की तुलना में, वर्ष 2014–15 में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के दृष्टिकोण में सुधार हुआ, जबकि उभरती बाजार और विकसित अर्थव्यवस्थाओं के विकास में गिरावट हुई. अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि(आईएमएफ) के अनुसार, वर्ष 2013 की वृद्धि दर की तुलना में, 2014 में विश्व अर्थ–व्यवस्था में 3.4% का धीमा सुधार हुआ. उन्नत अर्थव्वस्थाओं में वर्ष 2013 में 1.4% की तुलना में वर्ष 2014 में 1.8% वृद्धि हुई, उभरती अर्थव्यस्थाओं में वर्ष 2013 की 5.0% की तुलना में वर्ष 2014 में 4.6% की वृद्धि हुई. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोना और तेल के कम मूल्यों के अनुरूप, वर्ष के दौरान वैश्विक मुद्रास्फीति का स्तर कम रहा. कई उन्नत और उभरती अर्थ–व्यस्थाओं की मौद्रिक नीति सहज प्रवृत्ति दिखा रही थी ताकि आर्थिक विकास को बढावा मिलें.

वर्ष 2014–15 के दौरान, भारतीय अर्थ–व्यवस्था ने मिश्रित प्रवृत्तियां दर्शायी और भारत का जीडीपी विकास पहले तीन तिमाहियों के दौरान क्रमबद्ध सुधार दर्शाया. तथापि, जीडीपी विकास में थोडी वृद्धि हुई क्योंकि केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने आर्थिक उत्पादन के आकलन के उपाय में सुधार लाया. नई पद्धति के अनुसार, वर्ष 2013–14 की 6.9% की तुलना में वर्ष 2014–15 में 7.4% प्रत्याशित की गई.

थोक मूल्य और खुदरा मूल्य से नापी गई मुद्रास्फीति वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परिकल्पित राह पर चली. थोक मूल्य सूचकांक से नापी गई हेडलाइन मुद्रास्फीति नकारात्मक प्रवृत्ति दिखायी, जो मार्च 2015 में अभी तक के कम स्तर –2.33% तक गिर गई. खुदरा मुद्रास्फीति भी मार्च 2014 की 8.25% की तुलना में थोडा सुधार की प्रवृत्ति 5.25% रही.

विश्व बाजार की अनिश्चितताओं के प्रतिकूल प्रभाव के कारण भारत के विदेशी व्यापार का निष्पादन नरम रहा. वाणिज्य विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी अनंतिम आंकडों के अनुसार, अप्रैल–मार्च 2014–15 के दौरान भारत का व्यापारिक निर्यात यूएस डालर 310.5 बिलियन रहा और व्यापारिक आयात यूएस डालर 447.5 बिलियन रहा .निर्यात में कम वृद्धि (–1.2%) तथा आयात (–0.6%) के कारण व्यापार घाटे में यूएस डालर 1.2 मिलियन नरम वृद्धि दर्शाते हुए यूएस डालर 137 बिलियन रहा.

निजी क्षेत्र और सरकार द्वारा निवेश में धीमी गति के कारण पूंजी निर्माण में मंद प्रवृत्ति दिखायी दी तथा चालू कीमत पर सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) दर कम होकर वर्ष 2014–15 में 28.6% रहा.

भारत के वित्तीय बाजार ने वैश्विक व देशी क्षेत्र में हो रहे समग्र विकास के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त की. वित्तीय वर्ष 2014–15 की शुरुआत में जो मुद्रा आपूर्ति (एम3) 13.6% रही, आर्थिक गतिविधि और कम ऋण मांग के परिणाम स्वरूप वर्ष के दौरान धीमी वृद्धि दिखाते हुए मार्च 2015 के अंत में 11.1% रहा.

वर्ष 2014–15 के दौरान ईक्विटी व ऋण निर्गम घटने और कार्पोरेट बांड के निजी स्थानन बढने के कारण प्राथमिक बाजार के जरिए संसाधन संग्रहण ने मिश्रित प्रवृत्ति दर्शायी. तथापि, अनुषंगी बाजार में, वित्तीय वर्ष के दौरान बेंचमार्क सूचकांक,बीएसई सेंसेक्स तथा निफ्टी ने सामान्य ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति दिखायी.

वर्ष 2014–15 के दौरान निवल पूंजी/वित्तीय प्रवाह में, मात्रा और गुणवत्ता दोनों की दृष्टि से काफी सुधार हुआ. मार्च 2015 के अंत में भारत की विदेशी विनिमय आरक्षितियां बढकर यूएसडालर 341.4 बिलियन रहा.

सकारात्मक बाजार भावनाओं, कम मुद्रास्फीति स्तर, पण्य कीमतों में सुधार तथा सरकार द्वारा दी गई वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर सकारात्मक विकास के मिश्रित प्रभाव के कारण वर्ष 2014–15 के दौरान 10 वर्ष सरकारी बांड प्रतिफल अधोमुखी रहा.

वर्ष 2014–15 की वैश्विक घटनाओं के प्रति रुपये ने पर्याप्त लचीलता दिखायी और वर्ष के दौरान ईक्विटी और बांड बाजार में एफडीआई और एफआईआई में अधिक इंफ्लो के कारण रुपया–यूएस डालर विनिमय दर ज्यादातर स्थिर रही. तथापि, बिंदुवार आधार पर मार्च 2014 के अंत तक रुपये का 4.3% मूल्यह्रास होकर ₹ 59.9 प्रति यूएस डालर से मार्च 2015 को ₹ 62.50 प्रति यूएस डालर बन गया.

वर्ष 2014–15 के दौरान सकल वित्तीय घाटा वर्ष 2013–14 की 4.5% की तुलना में जीडीपी के 4.1% परिकलित किया गया.

बैंकिंग परिदृश्य

वर्ष 2014–15 के दौरान भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को कई चुनैतियों का सामना करना पडा और वर्ष के दौरान भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में सुधार धीमा रहा. बैंकिंग क्षेत्र में ऋण व जमा विकास में अधोमुखी प्रवृत्ति दिखायी दी. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की समग्र जमाराशियां पिछले वर्ष की 15% वृद्धि की तुलना में 2014–15 में वर्ष–दर–वर्ष 11.4% वृद्धि दर्शायी है. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के गैर खाद्य ऋण पिछ्ले वर्ष की 14% वृद्धि की तुलना में 2014–15 में वर्ष–दर–वर्ष 9.5% वृद्धि दर्शाया है. कृषि और संबंध्द कार्यकलाप को छोडकर ऋण में वृद्धि व्यापक तौर पर धीमी रही.

क्षणिक तंग परिस्थितियों के अलावा वर्ष 2014–15 में तरलता परिस्थितियां ज्यादातर संतुलित रही. जमा संग्रहण की तुलना में ऋण में धीमी वृद्धि और

सरकार के नकद अधिशेष में कमी तथा ऋण व जमा वृद्धि में कम हो रहे अंतराल के कारण तरलता स्तर में सुधार आया.

वर्ष 2014-15 के दौरान विकास मुद्रास्फीति गतिशीलता को संतुलित करने हेतु मौद्रिक नीति का प्रयोग किया गया. भारतीय रिजर्व बैंक ने नीति संप्रेषण के लिए सांकेतिक अवलंब के रूप में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को अपनाया है. भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार ने नयी मौद्रिक नीति ढांचा अपनाने हेतु सहमति व्यक्त की जिसमें भा.रि.बैं. ने लचीला मुद्रास्फीति लक्षित तंत्र अपनाया. वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान, भा.रि.बैं. ने उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित किया और जनवरी 2015 तक नीति दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया. मुद्रास्फीति स्तरों में सुधार होने पर, भा.रि.बैं. ने चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन नीति रिपो दर को कम करके मौद्रिक नीति में सुधार का संकेत दिया. भा.रि.बैं. ने सांविधिक चलनिधि अनुपात(एसएलआर) को भी 50 आधार अंक कम किया अर्थात निवल मांग और मीयादी देयताओं के 22.0% से 21.5% तक कम किया. तथापि, 2014-15 में नीति दर में परिवर्तन के कारण बैंकों की जमा और उधार दर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ.

पिछले दो वर्षों में घरेलू विकास में मंदी और विश्व बाजार में लगातार अनिश्चितताओं के कारण कम निर्यात, दोनों के कारण वर्ष के दौरान बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में तनाव का संकेत दिखायी देने लगा. वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल अग्रिम में से सकल गैर निष्पादक अग्रिमों के प्रतिशत में वृद्धि हुई. ऋण में कम वृद्धि और अदत्त ऋणों पर अधिक प्रावधान के कारण भी बैंकों की लाभप्रदता पर असर पडा.

दृष्टिकोण

वैश्विक विकास की संभावनाएं दृढ होने की प्रत्याशा है और वर्ष 2015 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में सतत सुधार की शुरआत की प्रत्याशा है. उन्नत अर्थ-व्यवस्थाओं में सुदृढ सुधार, उभरती बाजार अर्थ-व्यवस्थाओं में बदलाव, और ऊर्जा और पण्य सामग्री के मूल्यों में गिरावट के समर्थन से वर्ष 2015 और 2016 में वैश्विक विकास होगा. कच्चे पेट्रोलियम के अंतराष्ट्रीय मूल्य में गिरावट के कारण वैश्विक समग्र मांग में सुधार होने की प्रत्याशा है. अंतराष्ट्रीय मौद्रिक निधि ने अपने अद्यतन विश्व आर्थिक दृष्टिकोण में 2015 के लिए 3.5% और 2016 के लिए 3.8% वैश्विक विकास प्रक्षेपित किया है. तथापि, वैश्विक विकास के अधोमुखी जोखिम अधिक है, जो प्रमुखत: उभरती बाजार अर्थ-व्यवस्थाओं में मंद विकास और मुद्रा और पण्य के मूल्य के उतार-चढाव के असमान प्रभाव के कारण होगा.

आंतरिक अर्थ-व्यवस्था में, विकास दृष्टिकोण में सुधार, कम मुद्रास्फीति स्तर और बाह्य क्षेत्रों में सुधार के संकेत के कारण, व्यापक आर्थिक कमजोरियां वित्तीय वर्ष 2015-16 की शुरुआत में काफी कम हुई है. विकासशील मौद्रिक नीति और घरेलू मांग परिस्थितियों में सुधार के कारण वर्ष 2015-16 में भारत के जीडीपी विकास में सुधार की प्रत्याशा है. वैश्विक विकास संभावनाओं में प्रत्याशित सुधार और घरेलू नीति सुधार पहल भी जीडीपी के विकास के कारक है.

वर्ष 2015-16 में खुदरा मुद्रास्फीति 6% से कम प्रक्षेपित है, जो जनवरी 2016 के निर्धारित लक्ष्य के भीतर है, जो नीति दरों को कम करके भा.रि.बैं. समर्थित विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराता हैं. मुद्रास्फीति में व्यापक कमी, अनुकूल वितीय बाजार परिस्थितियां और निवेश को आकर्षित करने के लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान सहित व्यापार परिस्थितियों में सुधार लाने हेतु सरकार की पहल घरेलू विकास को और बढावा देगा.

2015-16 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे श्रेष्ठ अर्थ-व्यवस्था के रूप में उभरेगा और विश्व की तेजी से बढती हुई प्रमुख बाजार अर्थ-व्यवस्था के रूप में उभरेगा.

वर्ष 2015-16 के दौरान वैश्विक अर्थ-व्यवस्था से अपर्याप्त समर्थन, सामान्य से कम कृषि विकास से होनेवाले प्रभाव, कार्पोरेट तुलन पत्र की कमियां, अस्थिर रुपया और अर्थ-व्यवस्था में पर्याप्त पूंजी प्रवाह आकर्षित करना आदि प्रमुख चुनैतियां होंगी.

सकारात्मक घरेलू दृष्टिकोण और अनुकूल नीति वातावरण के कारण वर्ष 2015-16 के दौरान भारतीय बैंकिंग क्षेत्र से अच्छे निष्पादन की प्रत्याशा की जाती है.सेवा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि, औद्योगिक विकास में प्रत्याशित सुधार, रुकी हुई परियोजनाओं की मंजूरी, बजट में मूल भूत सुविधाओं में निवेश हेतु सरकार द्वारा घोषित योजनाएं और समग्र व्यापार वातावरण में सुधार वर्ष 2015-16 के दौरान अधिक ऋण विकास में परिणामित होगा. व्यापक अर्थिक परिस्थितियों में सकारात्मक विकास से बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में भी सुधार अपेक्षित है.

सकारात्मक देशी दृष्टिकोण तथा अनुकूल नीतिगत माहौल के कारण भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में वर्ष 2015-16 में अच्छा निष्पादन करने की उम्मीद हैं.

वर्ष 2014 – 15 के दौरान बैंक का निष्पादन वैशिष्ट्य

पूंजी, आरक्षितियां तथा निवल मूल्य

बैंक की प्राधिकृत पूंजी संप्रति ₹ 3000 करोड है जो ₹ 10/- शेयर के 300 करोड पूर्ण रूप से प्रदत्त शेयरों में विभाजित है. संप्रति, भारत सरकार, बैंक की 74.06% ईक्विटी शेयर पूंजी धारित करती है. बैंक की कुल प्रदत्त पूंजी ₹ 859.12 करोड है.

वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक ने आरक्षितियां और अधिशेष में ₹ 271.84 करोड जोडा है तथा कुल आरक्षितियां और अधिशेष ₹ 5300.64 करोड है. बैंक का निवल मूल्य ₹ 5638.93 करोड से बढकर इस वर्ष ₹ 5923.24 हो गया है.

कार्यकरि परिणाम

वर्ष 2014-15 के लिए बैंक द्वारा दर्ज निवल लाभ 2013-14 के ₹ 416 करोड की तुलना में ₹ 439 करोड रहा. जमाराशियों के संदर्भ में जमाओं की औसत लागत 2013-14 के 7.98% से घटकर 2014-15 में 8.10% हो गई. वर्ष 2014-15 के लिए अग्रिमों पर अर्जन पिछले वर्ष के 11.26 % की तुलना में 11.34% रही.

बैंक के वित्तीय परिणामों की प्रवृतियां नीचे दी गई तालिकाओं में दर्शायी गई है :

(₹ करोडों में)

क्रम सं.	मद	2013-14	2014-15	वार्षिक वृद्धि (%)
1.	ब्याज आय	10707	12273	14.64
2.	ब्याज खर्च	8623	9981	15.74
3.	निवल ब्याज आय (1-2)	2084	2292	10.03
4.	गैर ब्याज आय	710	879	23.80
	i. निवेशों की बिक्री पर लाभ	190	299	57.37
	ii. अन्य गैर-ब्याज आय	520	580	11.54
5.	निवल कुल आय (3+4)	2794	3171	13.49
6.	परिचालन खर्च	1690	1912	13.14
	i. स्टाफ खर्च	1040	1166	12.12
	ii. अन्य परिचालन खर्च	650	746	14.77
7.	परिचालन लाभ	1104	1259	14.07
8.	परिचालन लाभ (खज़ाना लाभ को छोडकर)	914	960	5.03
9.	प्रावधान और आकस्मिक खर्च	688	820	19.16
10.	निवल लाभ	416	439	5.65

प्रमुख लाभप्रदता अनुपात

क्रम सं.	मद	2013-14 (%)	2014-15 (%)
1	निधि पर प्रतिफल	9.08	9.15
2	निधि लागत	7.31	7.44
3	ब्याज विस्तार (1-2)	1.77	1.71
4	अग्रिम पर प्रतिफल	11.26	11.34
5	जमा लागत	7.98	8.10
6	निवेश पर प्रतिफल - क्रय लाभ को छोडकर - क्रय लाभ सहित	 7.22 7.75	 7.50 8.17
7	औसत कार्यकारी निधि की तुलना में अन्य परिचालन खर्च	0.55	0.56
8	लागत-आय अनुपात	60.49	60.30
9	औसत कार्यकारी निधि की तुलना में स्थापना लागत	0.88	0.87

लाभांश

समग्र लाभप्रदता की स्थिति पर गौर करते हुए निदेशक मण्डल ने वर्ष 2014-15 के लिए प्रति शेयर ₹ 1.50 (15%) का लाभांश घोषित किया है. वर्ष 2014-15 के लिए लाभांश कर सहित ईक्विटी लाभांश की देय कुल राशि ₹ 155.10 करोड है.

जमा संग्रहण

वर्ष के दौरान बैंक की कासा जमाराशियां बढकर ₹ 25721 करोड रही जो पिछले वित्तीय वर्ष के ₹ 22860 करोड की तुलना में 12.52% वृद्धि है. इनमें से बचत बैंक जमाराशियों में 12% वृद्धि हुई है और चालू जमाराशियों में 14% वृद्धि हुई है. कुल जमाराशियों में कासा प्रतिशत भी पिछले वर्ष के 18.39% बढकर 20.35% रहा. पिछले वित्तीय वर्ष की ₹ 124296 करोड की तुलना में कुल जमाराशियां ₹ 126343 करोड रही. वर्ष के दौरान जमा प्रमाणपत्र ₹ 12258 करोड रहा.

कर्मचारी उत्पादकता

31 मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रति कर्मचारी कारोबार ₹ 16.56 करोड रहा. बैंक का प्रति कर्मचारी लाभ मार्च 2015 को ₹ 0.03 करोड रहा.

शाखा नेटवर्क

वर्ष 2014-15 के दौरान 109 शाखाओं को खोलने के साथ कुल शाखाओं का नेटवर्क पिछले वित्तीय वर्ष के 1512 से 1618 हो गया है तथा 3 कार्पोरेट शाखाओं का विलयन किया गया है. वर्ष 2014-15 के अंत तक 49 विस्तार काउंटर तथा 2 सेटलाइट कार्यालय हैं. बैंक ने वर्ष 2014-15 के दौरान मीरठ से एक नया क्षेत्रीय कार्यालय भी खोला है, जिससे क्षेत्रीय कार्यालयों की कुल संख्या 27 हुई.

खुदरा ऋण

खुदरा उधार को व्यवहार्य कारोबार प्रस्ताव के रूप में देखा गया है तथा जोखिम फैलाव, बेहतरीन प्रतिफल तथा बडी मात्रा में ऋण मंजूरी जैसे निहित लाभ के कारण ऋण के विकास के लिए इसे प्रमुख क्षेत्र माना जाता है.

वर्ष के दौरान बैंक ने खुदरा ऋण के अधीन ₹ 9065 करोड का संवितरण किया और वर्ष-दर-वर्ष 19.96 % वृद्धि दर्ज करके यथा मार्च 2015 को बकाया राशि ₹ 18735 करोड रही. खुदरा ऋण संविभाग बैंक के सकल ऋण का 21.36 % बनता है.

यथा 31 मार्च 2015 को, आवास ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण व आभूषण ऋण योजनाओं के अधीन बकाया राशि क्रमश: ₹ 6526 करोड, ₹ 903 करोड, ₹ 2607 करोड तथा ₹ 3820 करोड रही.

वर्ष के दौरान बैंक ने ग्राहकों को आकर्षक लाभ जैसे प्रभार की छूट आदि सुविधाएं प्रदान करनेवाले विशेष अभियान जैसे 'ग्रांड फेस्टिवल कार्निवल' की शुरुआत की.

बैंक मौजूदा उत्पादों को नया रूप देकर खुदरा उधार उत्पादों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु निरंतर प्रयास करता रहा है.

बैंक विशेषत: आवास ऋण ग्राहकों के लिए विजया टाप अप ऋण की भी शुरुआत की है.

बैंक ने वर्तमान बाजार परिस्थितियों का अनुसरण करके और प्रतिस्पर्धियों के समतुल्य, अपने प्रमुख खुदरा उत्पादों को भी नया रूप दिया है जो क्षेत्र

कार्यकर्ताओं को अधिक कारोबार जुटाने में सहायक होगी.

बैंक ने खुदरा ऋण आवेदनों का ऑनलाइन ट्रैकिंग भी शुरू किया है जो आवेदक और शाखा तथा क्षे.का/प्र.का द्वारा लंबित आवेदनों पर निगरानी रखने में मददगार होगी.

ऋण विस्तार

बैंक का कुल उधार 6.39 % की वृद्धि दर्ज करके यथा 31.03.2014 के ₹ 82425 करोड से बढकर यथा 31.03.2015 को ₹ 87692 करोड बन गया. आर्थिक परिदृश्य के गिरावट को ध्यान में रखकर बैंक, बडे ऋण प्रस्तावों के अनुमोदन में चयनात्मक रहा.

ऋण प्रस्तावों की जांच के लिए बैंक ने प्रस्ताव की प्राप्ति के स्तर पर ही दक्ष समुचित सावधानी प्रक्रिया बनायी है तथा इस संबंध में वित्तीय सेवाएं विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक से समय-समय पर प्राप्त दिशानिर्देशों का पालन किया है. वित्त मंत्रालय के मौजूदा दिशा निर्देशों के अनुसार बैंक ने क्षेत्रीय कार्यालय व प्रधान कार्यालय स्तर में ऋण अनुमोदन हेतु समिति दृष्टिकोण को अपनाया है. ये समितियां जहां तक हो सके बारंबार मिलती हैं ताकि ऋण संबंधी निर्णय लेने के समय को कम किया जा सके. अच्छे मानक ऋण प्रसंस्करण को सुनिश्चित करने हेतु बैंक ने सीए/आईसीडब्ल्यूए/सीएस/एमबीए के व्यावसायिकों को भर्ती करने की रणनीति को जारी रखा.

बैंक के ऋण विभाग को ब्रिटिश स्टैंडर्ड संस्थान(बीएसआई) द्वारा सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ/आईईसी 27001:2005 प्रमाणीकीकरण से प्रत्यायित किया गया.

बाजार प्रवृत्ति के अनुसार, बैंक ने कई नए उत्पादों की शुरुआत की तथा ग्राहकों की आवश्कतानुसार मौजूदा उत्पाद भी परिष्कृत किए गए.

बडे और मझौले कॉर्पोरेट

यथा 31.03.2015 को बडे कॉर्पोरेट खंड, कुल उधार का 48% रहा. अधिक ध्यान केंद्रित करने हेतु तथा प्रस्ताव को निपटाने के समय को कम करने हेतु, विभिन्न भौगोलिक स्थानों में पांच विशेषीकृत कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखाएं कार्य कर रही हैं. कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखाओं के अलावा बुनियादी/गैर-बुनियादी परियोजनाओं सहित ग्राहकों की सभी कॉर्पोरेट आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए है 3 औद्योगिक वित्त शाखाएं कार्यरत है. इसके साथ साथ वित्तीयन मझौले कॉर्पोरेट व एसएमई ग्राहकों को उनके नकद प्रबंधन, फॉरेक्स, खजाना उत्पाद, व्यापार वित्त, जमाराशियां, खुदरा बैंकिंग, आदि आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बैंकिंग की एसएमई शाखाएं देशभर में कार्यरत हैं.

बैंक के कार्पोरेट/एसएमई/आईएफबी बैंकिंग शाखाएं मीयादी ऋण, मांग ऋण, कॉर्पोरेट ऋण, अल्पावधि ऋण, कार्यकारी पूंजी सुविधाएं (निधि आधारित + गैर निधि आधारित) व्यापार वित्त उत्पाद, ब्रिज ऋण, समूहन ऋण, मूलभूत सुविधा ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, भावी पर्याप्य किराए के प्रति ऋण, जैसे कई ऋण उत्पाद व सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ और कॉर्पोरेट ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं के आधार पर और भी कई सुविधाएं प्रदान करती है. गत वर्षों में बैंक कई बहु-राष्ट्रीय देशी कारोबार घरों तथा प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ सुदृढ कारोबार संबंध स्थापित करने में विशेष प्रगति की है.

बुनियादी सुविधाओं के लिए वित्त

वर्ष के दौरान बैंक ने मूलभूत सुविधा संवर्ग के अधीन बिजली, दूर संचार, पत्तन, सडक आदि के लिए ₹ 7645 करोड निधि आधारित सीमा तथा ₹ 230.93 करोड गैर-निधि आधारित सीमाओं की मंजूरी दी है. कुल उधार में इन बुनियादी सुविधाओं में हमारा निवेश 28.84% है तथा ये निर्धारित क्षेत्रीय निवेश सीमा के अंतर्गत है.

परियोजना वित्त एवं समूहन

बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय, बेंगलूर में परियोजना वित्त तथा समूहन कक्ष की शुरूआत की है. कक्ष का कार्य है परियोजना सूचना ज्ञापन की तैयारी, परियोजना की तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन तथा उद्यमियों की ऋण आवश्यकताओं हेतु समूहन का प्रबंध, आदि. इस समूहन कक्ष में वरिष्ठ कार्यपालक और पात्र व्यावसायिक सहित सक्षम श्रमशक्ति कार्यरत है.

खजाना तथा अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

निवेश एवं निधि प्रबंधन

बैंक का कुल निवेश संविभाग 31.03.2014 के ₹ 42833.78 करोड (एसएलआर निवेश : ₹ 33319.60 करोड तथा गैर-एसएलआर निवेश : ₹ 9514.18 करोड) से यथा 31.03.2015 को ₹ 44698.34 करोड (एसएलआर निवेश : ₹ 34933.00 करोड तथा गैर-एसएलआर निवेश : ₹ 9765.34 करोड) तक बढ गया.

31.03.2015 को 10 वर्ष न्यूनतम लाभ 7.74% रहा जबकि 31.03.2014 को 8.81% रहा.

वर्ष के दौरान निवेश पर औसत प्रतिफल (निवेश की बिक्री पर लाभ और आरआईडीएफ सहित) वित्तीय वर्ष 2013-14 के 7.75% के प्रति 8.17% रहा.

वर्ष के दौरान बैंक ने भा.रि.बैं. द्वारा निर्धारित सीआरआर/एसएलआर अपेक्षाओं का भी लगातार अनुपालन किया.

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

यथा 31.03.2015 को बैंक का निर्यात ऋण वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23.79% वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 1571.39 करोड रहा. इसमें से, विदेशी मुद्रा में निर्यात ऋण की मात्रा यूएसडी 42.13 मिलियन रहा. यथा मार्च 2015 को, बैंक का विदेशी विनिमय कारोबार पण्यावर्त पिछले वित्तीय वर्ष से 0.51 % की वार्षिक वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 21172.17 करोड रहा.

बैंक ने भा.रि.बैं. की ई-बिज परियोजना, इलेक्ट्रानिक डाटा प्रसंस्करण व निगरानी प्रणाली का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है.

बैंक की कुल एनआरआई जमाराशियां यथा 31.03.2015 को 25.03% की वृद्धि दर्ज करते हुए, पिछले वित्तीय वर्ष के अंत तक ₹ 2398.57

करोड के प्रति ₹ 2998.96 करोड रहा. वित्तीय वर्ष के दौरान, खाडी देशों से एनआरआई को भारत में हमारी किसी भी शाखाओं में उनके खातों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से निधि विप्रेषण करने हेतु बैंक ने यूएई विनिमय केंद्र एलएलसी, अल अनसारी विनिमय यूएई, वाल स्ट्रीट एक्सचेंज, यूएई एण्ड अल बदर एक्सचेंज, यूएई के लिए ''स्पीड/फ्लैश विप्रेषण'' सुविधा प्रदान की है. इसके अलावा, बैंक को भारत में अनुरक्षित खातों में रुपया प्रेषित करने हेतु ओमान युनाईटेड कंपनी एलएलसी, ओमान के साथ रुपया आहरण व्यवस्था भी है. बैंक द्वारा हमारे अनिवासी ग्राहकों के प्रश्नों के जवाब देने हेतु प्र.का., बेंगलूर में विशेष अनिवासी ग्राहक कक्ष की स्थापना की गयी. बैंक ने पाक्षिक ई-न्यूजलेटर, विजया एनआरई डाइजेस्ट की शुरूआत भी की है, जिसमें अनिवासियों की रुचि के अनुसार विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं.

निर्यात व आयात ऋण

बैंक, देशी व विदेशी दोनों मुद्राओं में आयातकों व निर्यातकों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु सक्रिय रूप से कार्यरत है. देश के विभिन्न भागों में कार्यरत 47 शाखाएं विदेशी विनिमय कारोबार संभालने हेतु पदनामित की गई हैं.

आस्ति गुणवत्ता

बैंक नए फिसलन को रोकने तथा लगातार आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने पर ज़ोर देता रहा है. इस दिशा में बैंक ने विभिन्न उपायों को लागू किया है जिसमें से कुछ इस प्रकार हैं :

- क्षीण संकेत दर्शानेवाले/देय राशि में चूक होनेवाले खातों को पहचाना गया और उन्हें विशेष निगरानी खाते की श्रेणी में रखा गया. जहां कहीं भी संभव था ऐसी आस्तियों की पुनर्संरचना की गयी, योग्य मामलों में आवश्यकता आधारित अतिरिक्त ऋण सीमाओं पर विचार किया गया ताकि नए फिसलन को रोका जा सके. एनपीए में फिसलन हुए एमएसएमई खातों के संबंध में लाभप्रदता अध्ययन किया जाना है तथा जहां कहीं संभव हो, निर्धारित समय सीमा में पोषण पर ध्यान दिया जाए.
- एनपीए खातों के व्यवस्थित अनुवर्तन हेतु क्षे.का. में विशेष वसूली कक्षों का गठन किया गया. जिन केंद्रों में ऋण वसूली प्राधिकरण कार्यरत हैं वहां नोडल अधिकारियों को पदनामित किया गया है जो मामलों के शीघ्र निपटान हेतु पीठासीन तथा बैंक के अधिवक्ता के साथ नियमित रूप से संपर्क रखते हैं.
- इरादतन चूककर्ताओं के मामले में प्रतिभूतिकरण जैसे कानूनी विकल्प सहित भा.रि.बैं. को नाम देना आदि कठोर वसूली उपाय तत्काल करते हैं.
- अनर्जक ऋणों की त्वरित वसूली हेतु लोक अदालत/डीआरटी अदालत की सेवाएं ली जाती है.
- क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ वीडियो कान्फरेंस के माध्यम से त्वरित वसूली के संबंध में उन्हें मार्गदर्शन देते हुए उच्च प्रबंधन द्वारा 10 लाख तथा उससे अधिक के सभी एनपीए खातों की समीक्षा करनी है.
- त्वरित वसूली की सुविधा हेतु, बैंक की वसूली नीति के अधीन विभिन्न केंद्र में शाखाओं के समूह के लिए नियमित रूप से विजया अदालत का आयोजन किया जाता है, जहां पर खातों का निपटान उसी जगह पर किया जाता है. वर्ष के दौरान 31.03.2015 तक ऐसे समझौते के जरिए बैंक द्वारा 5628 खातों के अधीन ₹ 109.88 करोड की वसूली की गयी.
- दीर्घकालिक ट्रैक्टर ऋण एनपीए खातों के लिए विशेष एकबारगी समझौता योजना की शुरूआत 01.01.2015 से हुई तथा यह योजना 31.03.2015 तक चली.
- एनपीए स्तर को कम करने के लिए, 01.01.2015 से 31.03.2015 तक की अवधि के लिए एनपीए वसूली अभियान-2015 शुरु किया गया.
- कम मूल्य के एनपीए की त्वरित वसूली हेतु, 8 क्षेत्र (कर्नाटक में 6 तथा आन्ध्र प्रदेश में 2) जहां बडी संख्या के एनपीए खाते हैं, उन पहचानित केन्द्रों में, 16 वसूली अधिकारी नियुक्त किए गए हैं. वसूली अधिकारियों ने मार्च 2015 तक ₹ 38.27 करोड की वसूली तथा ₹ 53.78 करोड का उन्नयन किया है.
- शाखाओं के साथ परामर्श के साथ, हमने ₹ 10 लाख तथा उससे अधिक शेष के कुल ₹ 807.37 करोड राशि के उन्नयन किए जाने योग्य 769 एफपीए खातों को पहचाना है, जिनका उन्नयन म ार्च 2015 तक किया का सकता है. हमारे विभाग द्वारा संबंधित शाखाओं के साथ सतत रूप से इन खातों की अनुवर्ती कार्रवाई की गई हैं. मार्च 2015 तक ₹ 608.39 करोड वसूल की गई/उन्नयन किया गया.

यथा मार्च 2015 को कुल अग्रिमों के बैंक का सकल गैर-निष्पादन आस्ति 2.78 % रहा, जबकि निवल अग्रिमों से निवल एनपीए अनुपात 1.92% था. वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक को ₹ 931.42 करोड की कुल नकद वसूली हुई (ब्याज सहित) तथा ₹ 931.96 करोड के एनपीए का उन्नयन किया गया. आगे, बैंक ने यथा 31 मार्च 2015 को ₹ 71.35 करोड के अस्थिर प्रावधानीकरण के अलावा अप्रत्याशित चूक के लिए ₹ 698.40 करोड का प्रावधानीकरण भी किया. यथा मार्च 2015 को प्रावधान प्रावरण अनुपात (पीडब्ल्यूओ सहित) 64.01% रहा.

जोखिम प्रबंधन

ऋण जोखिम

बैंक के कार्पोरेट लक्ष्य तथा बैंक की योजना के अनुरूप बैंक की ऋण नीति तथा ऋण जोखिम प्रबंधन को समय-समय पर संशोधित किया जाता है ताकि अन्य पहलुओं को जैसे जोखिम की प्रवृत्ति, जोखिम आधारित मूल्यन,

जोखिम विविधीकरण/निवारण कार्य नीति, यथोचित सीमाएं, पर्याप्त ऋण सीमाएं, समूह ऋण सीमाएं, रेटिंगवार ऋण सीमाएं, अधिमान्य क्षेत्र वृद्धि की कार्यनीति, ऋण अनुमोदन प्रक्रिया, प्रलेखन व सुरक्षा मानक, सुरक्षा मूल्यांकन आदि को शामिल किया जा सके.

स्ट्रेस टेस्टिंग पर भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुरूप ऋण संविभाग को एनपीए में वृद्धि , पुनर्संरचित मानक खातों की फिसलन, काउंटर पार्टी रेटिंग में गिरावट, संपार्श्विक की कमी, आदि स्ट्रेस के अंतर्गत परीक्षणाधीन करते हुए, बैंक की आईसीएएपी नीति के अनुसार अर्ध-वार्षिक आधार पर ऋण जोखिम पर स्ट्रेस टेस्ट किया जाता है.

बैंक ने व्यापक जोखिम रेटिंग/स्कोरिंग प्रणाली बनायी है जो प्रतिपक्षी विविध जोखिम घटकों का एकल बिंदु सूचक है तथा स्थिर रूप से ऋण निर्णय लेने के लिए उपयोगी है. आवास व अन्य खुदरा क्षेत्रों के लिए अलग जोखिम स्कोरिंग मॉडल को भी तैयार किया है ताकि जोखिम रेटिंग कार्य का अधिकतम प्रावरण सुनिश्चित किया जा सके. ₹ 1.00 करोड से अधिक उधार के संबंध अर्ध-वार्षिक तौर पर अभिगमन विश्लेषण किया गया है. बैंक ने सभी खुदरा व गैर-खुदरा ऋण के जोखिम श्रेणीकरण के लिए सितंबर 2009 से क्रिसिल से पर्याप्त ऋण जोखिम श्रेणीकरण साफ्टवेयर, जो बेसल II समर्थक है, की शुरूआत की है. यह साफ्टवेयर बैंक के सभी प्रकार के ऋण को मंजूरी से पहले ऋण श्रेणीकरण के अधीन प्रावरित करता है, ताकि ऋण की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सकता है और साथ ही बेसल II के एड्वान्सड एप्रोच कांप्लएंस की ओर अग्रेसर हो सकें.

आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) व बाज़ार जोखिम

बैंक के एएलएम तथा बाजार जोखिम का प्रबंधन आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) तथा बाजार जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) द्वारा किया जाता है. विभिन्न साम्यिक खंडों में असमानताओं के लिए उपयुक्त सहनशील सीमाएं निर्धारित की गयी हैं ताकि चल निधि व ब्याज दर जोखिम दोनों का प्रबंधन किया जा सके और पाक्षिक अंतराल में इसका अनुवर्तन किया जाता है और निदेशक मंडल को अवगत कराया जाता है.

बाजार जोखिम ऋण जोखिम पर मूल्य (वीएआर), एजीएल (कुल अंतर सीमा) तथा अवधि अंतर विश्लेषण जैसे साधनों से माप किया जाता है. देश जोखिम के प्रबंधन और निगरानी हेतु सभी देशों के लिए एकल निवेश सीमाएं निर्धारित किए गए हैं. खजाना परिचालन संबंधी मिड-आफिस रिपोर्टों जिसमें अपवादों, समीक्षाओं तथा अनुपालन आदि समाविष्ट है, को दैनिक आधार पर जोखिम प्रबंधन विभाग के महा प्रबंधक के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और प्रति माह एमआरएमसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

पूरे ब्याज दर जोखिम संविभाग को जोखिम पर अर्जन (ईएआर) के जरिए अभिज्ञप्त और मापित किया जाता है. शीर्षस्थ प्रबंधन द्वारा संवेदनशील विश्लेषण भी किया जाता है और समीक्षा भी की जाती है. आकस्मिकता निधि योजना, विवेकपूर्ण अनुपात/सीमाएं भी निर्धारित किए गए हैं और तरलता जोखिम प्रबंधन के अंग के रूप में वास्तविक स्थिति की भी निगरानी रखी जाती है. ब्याज दर जोखिम, तरलता जोखिम, विदेशी विनिमय आदि पर विभिन्न परिवेशों में तिमाही आधार पर स्ट्रेस टेस्ट किया जाता है और एल्को को अवगत कराया जाता है. अल्पावधि तरलता पर निगरानी रखने के लिए बैंक दैनिक तौर पर संरक्षणात्मक तरलता की एएलएम विवरणी तैयार कर रहा है.

ब्याज दर मोड पर 200 आधार बिंदु शॉक का प्रयोग करते हुए ईक्विटी (नेटवर्थ) पर संभाव्य बाजार मूल्य का निर्धारण करने के लिए अवधि अंतराल विश्लेषण का अनुपालन किया जाता है.

बाजार जोखिम के लिए आंतरिक मॉडल एप्रोच (उन्नत दृष्टिकोण) को लागू करने के लिए बैंक ने भा.रि.बैं. से अनुमति मांगी है.

शाखा लाभप्रदता के वैधानिक निर्धारण के लिए निधि अंतरण मूल्यन जो अंतरण मूल्यन तंत्र का नया तंत्रज्ञान है, को क्रियान्वित किया गया है.

परिचालनात्मक जोखिम

प्रभावी ढंग से परिचालन जोखिम की पहचान, प्रबंधन तथा निपटान करने के लिए बैंक में एक उत्तम परिचालन जोखिम प्रबंधन की रूपरेखा है. बैंक में मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) के कार्यान्वयन के लिए भी आवश्यक रूपरेखा बनायी गई है. परिचालन जोखिम प्रबंधन का नियंत्रण परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) द्वारा किया जाता है, जो परिचालन जोखिम हानि संबंधित आंकडे, नए उत्पाद, बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और प्रणालियों की समीक्षा करता है और आंतरिक प्रणाली और प्रक्रियाओं को म जबूत करने के लिए सुधारात्मक / निवारक उपायों की सुझाव प्रदान करता है. परिचालन जोखिम को कम करने के लिए, ऋण और जमा संविभागों में की गई धोखाधडी के बारे में कई विषयगत अध्ययन आयोजित किए गए ताकि जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण से प्रणालीगत कमियों को पहचान सके. सुधारित दृष्टिकोण को अपनाने के क्रम में, बैंक ने जोखिम नियंत्रण स्व मूल्यांकन (आरसीएसए) और प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआईएस) के लिए रूपरेखा बनाई है. समीक्षा द्वारा आरसीएसए और केआरआई को मजबूत करने और परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए कवरेज क्षेत्र में सुधार लाने हेतु बैंक द्वारा कदम उठाई जा रही हैं.

मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए)) के अधीन परिचालनात्मक जोखिम पूंजी के आकलन हेतु बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमति प्राप्त हई है. (मार्च 2015 से पैरलल रन प्रभावी)

बेसल II और बेसल III का अनुपालन

चूंकि कार्पोरेट ग्राहकों के मामले में भा.रि.बैं. द्वारा अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों के जोखिम श्रेणीकरण स्थिति की आवश्यकता होती है, बैंक ने सभी छः रेटिंग एजेन्सियों अर्थात क्रिसिल, आरसीआरए, सीएआरई, ब्रिकवर्क, एसएम ईआरए व फिच के साथ करार किया है ताकि उधारकर्ता प्रतिस्पर्धात्मक दर पर रेटिंग सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं और बैंक को भी रेटिंग की स्थिति के आधार पर कम पूंजी प्रभार का लाभ मिले. बैंक ने अपनी आईसीएएपी नीति बनाई है तथा उसे अर्ध-वार्षिक आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किया जाता है.

भा.रि.बैं. दिशा निर्देशों के अनुरूप तथा ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण और परिचालनात्मक जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण अपनाते हुए बैंक ने बेसल II मानदंडों का अनुपालन किया है और यथा 31 मार्च 2015 को समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात 11.70 % बनता है जो निर्धारित न्यूनतम 9% मानदंड से अधिक है. बैंक ने बेसल III मानदंडों का अनुपालन किया है; और यथा 31 मार्च 2015 को समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात 11.43 % बनता है जो निर्धारित न्यूनतम 9% मानदंड से अधिक है.

एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) परियोजना

बेसल ।। नियमों के सरल तथा प्रभावी ढंग से अनुपालन करने के उद्देश्य से बैंक एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) का कार्यान्वयन कर रहा है.

विशिष्ट आईआरएमएस परियोजना में छः समाधान हैं - जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन (सीआरएम); बाज़ार जोखिम प्रबंधन (एमआरएम),परिचालन जोखिम प्रबंधन (ओआरएम), ऋण जोखिम दर निर्धारण समाधान (सीआरआर) (खुदरा व गैर-खुदरा), आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) तथा निधि अंतरण मूल्य निर्धारण (एफटीपी) समाधान.

आईएसओ-27001 - जोखिम प्रबंधन विभाग को प्रमाणीकरण

इंफो सुरक्षा पत्रिका द्वारा सूचना सुरक्षा और बीसीपी पहल के लिए हमारे बैंक के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) को सूचना सुरक्षा मेस्ट्रो 2015 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

पूंजी पर्याप्तता

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने सफलतापूर्वक ₹ 500 करोड की अतिरिक्त टियर-I पूंजी और ₹ 1000 करोड की टियर-II (बेसल III अनुपालक) बांड जुटाया है. भारतीय रिजर्व बैंक के 9% मानदंड के प्रति पूंजी पर्याप्तता अनुपात बेसल II मानदंड के अधीन 10.97% (31.03.2014) की तुलना नें 11.70% (31.03.2015) तक सुधार हुआ तथा बेसल III मानदंड के अधीन 10.56% (31.03.2014) की तुलना नें 11.43% (31.03.2015) तक सुधार हुआ. 31.03.2015 को बैंक की टियर I पूंजी बेसल II के अधीन ₹ 6423.25 करोड है तथा बेसल III के अधीन ₹ 6414.63 है. बैंक की टियर II पूंजी बेसल II के अधीन ₹ 2687.81 करोड है तथा बेसल III के अधीन ₹ 2480.53 रहा. समग्र पूंजी बेसल II के अधीन ₹ 9111.06 करोड है तथा बेसल III के अधीन ₹ 8895.16 रहा.

राष्ट्रीय प्राथमिकता

प्राथमिकता क्षेत्र उधार

बैंक का कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम मार्च 2015 के अंत में ₹ 30714 करोड रहा. बैंक का प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 35.97% रहा.

कृषि वित्त

बैंक का प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम मार्च 2015 को ₹ 7546 करोड रहा. कुल कृषि अग्रिम ₹ 11389 करोड रहा जो समायोजित निवल बैंक ऋण का 13.34 % बनता है.

वर्ष के दौरान बैंक ने 'फार्म हाउस निर्माण के लिए कृषकों को वित्तीय योजना' नामक एक विशेष ऋण योजना का प्रवर्तन किया जो स्वामित्व के फार्म/कृषि भूमि पर तथा कृषि उत्पादन संस्थाओं (एफपीओ) के वित्तीयन के लिए है.

कृषि के लिए संवितरण :

विशेष कृषि ऋण योजना के अधीन बैंक ने ₹ 8369 करोड के लक्ष्य के प्रति वर्ष 2014-15 के दौरान ₹ 8442 करोड का संवितरण किया.

किसान क्रेडिट कार्ड योजना

भा.रि.बैं./भारत सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार, संशोधित वीकेसी योजना में उत्पाद ऋण (अल्पकालीन फसल ऋण) तथा निवेश ऋण (सावधि ऋण) दोनों के लिए प्रावधान है. कार्ड की वैधता 5 साल के लिए विस्तारित किया है तथा हितधारकों को एटीएम समर्थ किसानकार्ड जारी किया गया है.

वर्ष 2014-15 के दौरान विजया किसान कार्ड योजना के अधीन बैंक ने 73322 विजया किसान कार्ड जारी किए तथा ₹ 978 करोड संवितरित किए. यथा 31.03.2015 को वीकेसी का बकाया स्तर 135208 खातों के जरिए ₹ 2020 करोड रहा. बैंक के किसान कार्ड अब रुपे प्लैटफार्म के अधीन एटीएम समर्थित हैं तथा 97358 परिचालनात्मक वीकेसी खातों में से 88362 किसानों को एटीएम समर्थित किसान कार्ड जारी किए गए हैं.

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) का वित्तपोषण

सूक्ष्म और लघु उद्यमों को अग्रिम मार्च 2014 के ₹ 10690 करोड से बढकर मार्च 2015 को ₹ 13366 करोड हो गया जो वर्ष-दर-वर्ष 25% की वृद्धि दर्शाता है.

15.63 % की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाते हुए यथा मार्च 2014 को सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों को दिए गए अग्रिम ₹ 13115 करोड से बढकर मार्च 2015 में ₹ 15165 करोड हुए.

एमएसएमई के अंतर्गत प्रस्तावों के त्वरित निपटारे के लिए एमएसएमई ऋण आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण तथा ट्रैकिंग पद्धति उपलब्ध है. आगे, एमएसएमई उधारकर्ताओं को ऑनलाइन आवेदन भरने के तुरंत बाद एसएमएस अलर्टस द्वारा पावती मिलता है.

आगे ऋण आवेदनों की निगरानी व त्वरित कार्रवाई हेतु ऑनलाइन ट्रैकिंग पद्धति की भी शुरुआत की गयी है.

कमज़ोर वर्गों को अग्रिम

मार्च 2015 तक बैंक द्वारा कमज़ोर वर्गों को बकाया अग्रिम ₹ 8685 करोड रहा जो निर्धारित 10% मानदंड के प्रति एएनबीसी का 10.17% बनता

है. कमज़ोर वर्गों के अग्रिम मार्च 2014 से 20.39 % वृद्धि दर दर्शाते हुए ₹ 1471 करोड बढा.

स्व–सहाय समूह (एसएचजी)/संयुक्त देयता समूह (जेएलजी)/ सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई)

स्व–सहाय समूह (एसएचजी)/संयुक्त देयता समूह (जेएलजी)/सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) को अग्रिम देने की ओर बैंक ने प्राथमिकता दी और इन्हें ₹ 721 करोड वितरित किया. यथा 31.03.2015 को इस खंड के लिए दिए गए अग्रिमों का अतिदेयता स्तर ₹ 1115 करोड रहा.

किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भारत सरकार की ''भूमिहीन किसान योजना'' के अधीन, बैंक संयुक्त देयता कृषि समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है और ऐसे 983 जेएलजियों को ₹ 28.35 करोड का वितरण किया गया है.

महिला स्वयं सहायता समूहों को अग्रिम देने की ओर विशेष महत्व देते हुए बैंक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना में बैंक सक्रिय रूप से भाग ले रहा है. प्रचलित एसजेएसआरवाई योजना के बदले भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) योजना का प्रवर्तन किया गया है और इस योजना को भी बैंक तत्परता से लागू कर रहा है.

वर्ष 2011–12 व 2012–13 के बैंक को ''स्वयं सहायता समूह/संयुक्त देयता समूह (एसएचजी/ जेएलजी) लिंकेज'' के लिए श्रेष्ठ निष्पादन पुरस्कार से सम्मानित किया जिसे नाबार्ड, बेंगलूर द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान प्रदान किया गया.

महिला हिताधिकारियों को ऋण

महिला हिताधिकारियों को अग्रिम 26.93 % की वृद्धि दर दर्शाते हुए मार्च 2014 के ₹ 5072 करोड की तुलना में मार्च 2015 में ₹ 6438 करोड रहा. एएनबीसी के 5% के निर्धारित मानदंड के प्रति बैंक की उपलब्धि 7.54 % है.

अग्रणी बैंक योजना

हमारे बैंक को कर्नाटक राज्य के 3 जिलों अर्थात मण्ड्या, हुब्ली और हावेरी जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है. सभी तीन जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक संबंधित जिले की सभी बैंक शाखाओं के साथ समन्वय करके वार्षिक ऋण योजना, सरकार द्वारा प्रायोजित योजना, वित्तीय समावेशन सीधा लाभ अंतरण योजना आदि के अधीन लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करते हैं. अग्रणी बैंक योजनांतर्गत मार्च 2015 को इन तीन जिलों में वार्षिक ऋण योजना के ज़रिए हमारे बैंक के ऋण का हिस्सा ₹ 680 करोड लक्ष्य के प्रति ₹ 725 करोड रहा.

सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत उधार

बैंक लगातार सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को लागू करने को महत्व देता आ रहा है. सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के अधीन बैंक के उधार निम्नानुसार है:

(₹ करोडों में)

क्रम सं.	योजनाएँ	हिताधिकारियों की संख्या	मार्च 2015 को बकाया ऋण राशि
1	पीएमईजीपी	7991	117
2	एनआरएलएम	11736	257

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को अग्रिम

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को कुल अग्रिम मार्च 2014 के ₹ 1125 करोड के प्रति 21.51% वृद्धि दर्शाते हुए मार्च 2015 में ₹ 1367 करोड रहा.

अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण

मार्च 2015 को अल्पसंख्यक समुदायों को दिए गए अग्रिमों की राशि ₹ 4225 करोड है और यह कुल प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों का 13.76% बनता है.

विजया बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थाएं (वीआईबीएसईटीआई)

बैंक ने कर्नाटक राज्य के मंड्या व हावेरी जिलों में और मध्यप्रदेश राज्य के इंदौर में विजया बैंक स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थाओं (वीआईबीएसईटीआई) की स्थापना की है. ये संस्थाएं विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण/कौशल उन्नयन/जागरूकता कार्यक्रमों और उद्यमी विकास कार्यशालाएं आदि का आयोजन कर रही हैं. वर्ष 2013–14 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वीआईबीएसईटीआाई, मंड्या, हावेरी व इंदौर को 'एए' ग्रेड दिया है.

वर्ष 2014–15 के दौरान वीआईबीएसईटीआई द्वारा 88 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 2392 लाभार्थी प्रशिक्षित हुए. प्रारंभ से कुल 1343 कार्यक्रम आयोजित किए गए और 45909 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया और समग्र निपटान दर 74.88% रहा. 60 प्रतिभागियों के लिए वीआईबीएसईटीआई, मंड्या ने आकाशवाणी, मैसूर तथा वीआरडीएफ के सहयोग से भेड पालन (बन्नूर किस्म) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. सितंबर, 2014 के दौरान हमारे वीआईबीएसईटीआई, मंड्याने आय निर्माण गतिविधियों को अपनाने हेतु 60 ट्रांसजंडर व्यक्तियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया.

विजया ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान (वीआरडीएफ)

कृषि प्रणालियों के आधुनिकीकरण, कौशल उन्नयन तथा विभिन्न उद्यमों संबंधी ज्ञान तथा समग्र सामाजिक – आर्थिक विकास के प्रति ग्रामीण जनता के ध्यानाकर्षण हेतु, बैंक द्वारा वर्ष 1990 में मंगलूर में विजया ग्रामीण

विकास प्रतिष्ठान का प्रवर्तन किया. ग्रामीण विकास परिषदों (वीडीसी) के जरिए, विभिन्न विषयों पर, वीआरडीएफ प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रमों, आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है. वर्तमान में, ऐसे 33 वीडीसी, वीआरडीएफ के अधीन कार्य कर रहे हैं. वर्ष के दौरान वीआरडीएफ ने 143 कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनमें 10845 व्यक्ति लाभान्वित हुए. ग्रामीण निर्धन के लाभार्थ, नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया. ग्रामीण इलाकों के सरकारी स्कूल के निर्धन मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति मंजूर की गयी है. प्रतिष्ठान ने अपनी गतिविधियों को अन्य जिलों जैसे हावेरी, धारवाड और मंड्या में विस्तारित किया है जहां बैंक को अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है.

संसदीय समिति का दौरा

1) संसदीय स्थाई वित्त समिति ने दिनांक 19.01.2015 को दौरा किया तथा 'वित्तीय समावेशन योजनाएं एवं उपलब्धियां' और 'भारतीय बैंकिंग क्षेत्र-चुनौतियां व भविष्य की राह' पर चर्चा की.

2) संसदीय सामाजिक न्याय व सशक्तीकरण स्थाई समिति ने दिनांक 27.01.2015 को दौरा किया और अ.जा./अ.ज.जा., अ.पि.व., विभिन्न रूप से अशक्त व्यक्तियों व अल्प संख्यकों के लिए प्राथमिकता क्षेत्र वित्त के बारे में चर्चा की.

शिक्षा ऋण

बैंक शिक्षा ऋण को बहुत महत्व देता है क्योंकि इसे मानव पूंजी में निवेश के रूप में देखा गया है. वर्ष के दौरान, यह संविभाग निर्णीत रूप से यथा 31.03.2014 के 760 करोड से ₹ 143 करोड बढकर वर्ष-दर-वर्ष 19% वृद्धि दर्शाते हुए यथा 31.03.2015 को 903 करोड के स्तर तक पहुंचा.

क्योंकि शिक्षा ऋण राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय है, बैंक इसको आक्रामक तरीके से विपणन करने में लगा है. बैंक ने प्रवेश समय पर शिक्षा ऋण अभियान की भी शुरुआत की. कई नामी शिक्षा संस्थानों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा ऋण प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन किया. बैंक ने प्रवेश समय पर कई प्रदर्शनियों तथा शिविरों में भाग लिया ताकि छात्र वर्ग के बीच शिक्षा ऋण सुविधा की उपलब्धता पर जागरूकता ला सकें.

वित्तीय समावेशन

देश के सभी बैंकरहित घरों और परिवारों को बैंकिंग के दायरे में लाने के उद्देश्य से माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 28.08.2014 को प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत की गई जिसके अंतर्गत उन्हें बेसिक बैंक खाते, ₹ 1.00 लाख तक दुर्घटना बीमा प्रावरण सहित रुपे कार्ड, ₹ 30,000/- का जीवन बीमा प्रावरण और खाते में संतोषजनक लेनदेन के आधार पर ₹ 5000/- तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा उपलब्ध कराया जाता है.

हमारा बैंक पीएमजेडीवाई योजना में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है. पीएम जेडीवाई के अधीन, हमारे बैंक को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने हेतु अखिल भारतीय आधार पर 1151 उप सेवा क्षेत्र आबंटित किये गये हैं जिसमें 3410 गांवों और 432 वार्ड शामिल हैं. हमने 289 शाखाओं और 827 बैंक मित्रों (बीसीए) के जरिए इन गांवों को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की हैं. बैंक द्वारा सभी आबंटित एसएसए और वार्डों के घरों का सर्वे किया गया और सभी घरों को कम से कम एक खाते से प्रावरित किया गया है.

हमारे बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई के अधीन 63.63 करोड कुल शेष के 12.19 लाख बेसिक बचत बैंक जमा खाते खोले गये हैं तथा सभी खाता धारकों को रुपे डेबिट कार्ड उपलब्ध कराया गया है. 7.27 लाख खातों में आधार संख्या की प्रविष्टि की गई है. बैंक द्वारा 21 पीएमजेडीवाई खाता धारकों को ₹ 0.66 लाख राशि की ओवरड्राफ्ट सुविधा दी गई है.

बैंक द्वारा कर्नाटक राज्य के तीन जिलों में, मंड्या, धारवाड और हावेरी में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी है. बैंक के सभी तीन अग्रणी जिलों ने घोषित किया है कि भारत सरकार द्वारा दी गई समयसीमा के अधीन सभी घरों को बैंक खाते से प्रावरित किया गया है और अभी खाता खोलने के लिए कोई भी घर शेष नहीं है.

वित्तीय साक्षरता

बैंक ने जिला और तालुक स्तर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) को स्थापित तथा प्रबंधन करने के लिए सिंडिकेट बैंक के साथ ज्ञान ज्योति लिटरसी एण्ड क्रेडिट काउंसेलिंग ट्रस्ट (जेजेएफएलसीसीटी) का प्रवर्तन किया. हमारे बैंक के 3 जिला स्तर और 11 तालुक स्तर वित्तीय साक्षरता केंद्र है. सभी एफएलसी नियमित रूप से गांवों / स्कूलों में साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं.

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रधान मंत्री जन धन योजना पर वित्तीय साक्षरता प्रदान करने हेतु, बैंक द्वारा खाता खोलने की शिविर और अन्य साक्षरता कार्यक्रमों पर प्रदर्शित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में पीएमजेडीवाई पर ऑडियो फिल्म तैयार की गई है. पीएमजेडीवाई खाता धारकों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने हेतु शाखाओं को क्षेत्रीय भाषाओं में वित्तीय साक्षरता सामग्री भी प्रदान गई.

सीधा लाभ अंतरण

बैंक द्वारा 1 जनवरी 2015 से एलपीजी उपभोक्ताओं के खातों में आधार संख्या की प्रविष्टि करके, भारत सरकार का संशोधित डीबीटीएल कार्यक्रम का सक्रिय रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है.

नकद अंतरण अनुपालन प्रणाली के अधीन अधिकतम एलपीजी हिताधिकारियों को प्रावरित करने के प्रयास में, धारवाड, हावेरी और मंड्या में हमारे अग्रणी जिला प्रबंधक तेल विपणन कंपनियों के साथ समन्वय कर रहे हैं.

इलेक्ट्रानिक लाभ अंतरण

मंड्या जिले में बैंक ने ''एक जिला एक बैंक'' मॉडल के अधीन एक लाख से अधिक लाभार्थियों को कारोबार संपर्ककर्ता/हस्तधारित मशीनों के जरिए

कुल ₹ 6.20 करोड प्रति महीने सामाजिक सुरक्षा पेंशन संवितरित कर रहा है.

सूचना व प्रौद्योगिकी

कोर बैंकिंग समाधान व उसमें प्रगति

बैंक ने 100% सीबीएस प्राप्त किया है जिसके फलस्वरूप ग्राहकों को कहीं भी बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग ऑनलाइन लेनदेन आदि सेवाएं उपलब्ध की जाती हैं. 100% सीबीएस के साथ बैंक अपने ग्राहकों को तत्काल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो रहा है. 184 स्थानों पर पासबुक कियोस्क शुरु किया गया है. नकद जमा कियोस्क 238 जगहों में कार्यान्वित किया गया है. भारत सरकार की सीधा नकद अंतरण परियोजना के सुचारू कार्यान्वयन हेतु आधार समर्थ भुगतान प्रणाली का कार्यान्वयन किया गया है. धोखाधडियों को कम करने हेतु सीबीएस उपयोगकर्ताओं हेतु सभी स्थानों में, बयोमेट्रिक एक्सेस शुरू किया गया है.

बैंक ने एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत खजाना प्रबंधन प्रणाली तथा एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन किया है तथा इसे कोर बैंकिंग प्रणाली के साथ एकीकृत किया है. मुंबई में डीआर सेटअप स्थापित करने के द्वारा आईटीएमएस परियोजना के सभी लक्ष्य हासिल किए जा चुके हैं. मुंबई में डीआर स्थापित करने के द्वारा एचआरएमएस में भी लगभग सभी उद्देश्य पूरे किए जा चुके हैं. वित्तीय वर्ष के अंत तक आईआरएमएस के पूर्णतः कार्यान्वित किए जाने की संभावना है.

एटीएम

वर्ष 2014-15 के दौरान 59 और एटीएम परिचालन में लाए गए जिससे यथा मार्च 2015 को एटीएम की कुल संख्या 1383 हो गई. बैंक के ग्राहक देश भर में नैशनल फिनान्शियल स्विच (एनएफएस) के अधीन कनेक्ट किए गए 1,90,000 एटीएम की सेवाओं का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

आंतरिक नियंत्रण

बैंक ने आईटी व आईएस सुरक्षा, इन्टरनेट बैंकिंग नीति, आईटी खरीद नीति, इंटरनेट उपयोग नीति, ई-मेइल नीति, कारोबार निरंतरता नीति, डिसास्टर रिकवरी नीति, औटसोर्सिंग नीति जैसी नीतियों पर दस्तावेज़ तैयार कर लिए हैं जिसमें कई प्रकार के क्षेत्र स्तर व प्रशासनिक स्तर के कार्य शामिल है. इस प्रकार के प्रत्येक कार्यों से जुडे जोखिमों को दूर करने हेतु पर्याप्त नियंत्रण भी तैयार किए गए हैं. वर्ष 2013-14 के दौरान आईटी नीति व आईएस नीति संशोधित की गयी. आईएस सुरक्षा के एक भाग के रूप में घटना प्रबंधन, भेद्यता व पेनट्रेशन टेस्ट के लिए भी नीतियाँ तैयार की गई है.

नेटवर्किंग

बैंक ने अपनी सभी शाखाओं को विस्तार काउंटर तथा कार्यालयों को कॉर्पोरेट वैन के अधीन जोडा है तथा शाखाओं की 100% नेटवर्किंग हासिल की है. बैंक ने कनेक्टिविटी स्थापित करने हेतु अद्यतन तकनीक जैसे एमपीएलएस, रेडियो फ्रिक्वेंसी, वीएसएटीएस, सीडीएमए, आदि का प्रयोग किया है.

आरटीजीएस एवं एनईएफटी सेवाएं

सभी शाखाओं को कोर बैंकिंग समाधान के अधीन लाने के जरिए अब बैंक के ग्राहकों को आरटीजीएस व एनईएफटी सेवाएँ सभी शाखाओं में उपलब्ध है. चूँकि एसटीपी को आरटीजीएस व एनईएफटी में सक्षम किया गया है इसलिए ग्राहक तुरंत अंतर बैंक व बैंक के अंदर भी तुरंत निधि अंतरण सेवा का लाभ उठा सकते हैं.

केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली जैसे कि तत्काल सकल भुगतान प्रणाली (आरटीजीएस) तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) के लिए संप्रति सिर्फ सीधी सदस्यता उपलब्ध है. भा.रि.बैं. ने एनईएफ टी तथा आरटीजीएस प्रणालियों में भाग लेने हेतु उप-सदस्यता मार्ग को सभी लाइसेंसीकृत बैंकों को विस्तार करने का निर्णय लिया है. उप-सदस्य केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली में अपने प्रायोजक बैंक के जरिए भाग लेंगे, जो केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली के सीधे सदस्य हैं. बैंक ने शिम्षा सहकारा बैंक नियमिता, मद्दूर तथा लोकपावनी महिला सहकारी बैंक, मंड्या के साथ हमारी आरटीजीएस/एनईएफटी सेवाओं को उप-सदस्यों के रूप में प्रयोग करने के लिए व्यवस्था की है.

मिस्सड कॉल सेवाएं (फ्री बज्ज)

बैंक, अपने ग्राहकों के लिए मिस्सड कॉल सेवाएं उपलब्ध करा रहा है जिससे ग्राहक, खाता शेष व लघु विवरण प्राप्त कर सकते हैं. शून्य प्रभार से मिस्स्ड कॉल देने की सुगमता ग्राहकों के लिए बहुत ही लाभदायक है.

वी-फी हाईव

हमारी इन-हाउस सॉफ्टवेयर विकास टीम ने शैक्षिक संस्थाओं से शुल्क संग्रहण, अपार्टमेंट द्वारा मासिक रख-रखाव शुल्क संग्रहण तथा क्लबों द्वारा शुल्क संग्रहण के लिए एक विशेष एप्लिकेशन विकसित किया है. इसमें कुछ विशिष्टताएं हैं जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग आदि अन्य भुगतान चैनल को एकीकृत किया जा सकता है. आईआईएम-कालीकट, आर्मी पब्लिक स्कूल-दिल्ली, एनपोया कॉलेज-मंगलूर तथा माउंट कार्मेल कालेज-बेंगलूर जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं.

वी-ई पासबुक +:

हमारी इन-हाउस सॉफ्टवेयर विकास टीम ने मोबाइल एप्लिकेशन विकसित की है जिससे खाता विवरण/लेनदेन विवरण प्राप्त किया जा सकता है. इस एप्लिकेशन में अतिरिक्त ग्राहकोन्मुख विशिष्टताएं हैं जैसे प्रत्येक लेनदेन के लिए टिप्पणियां जोडने की सुविधा, विभिन्न वैयक्तिक खाता शीर्ष रखने की सुविधा तथा एक ही क्लिक से इन खातों में पासबुक लेनदेन जोडने की सुविधा, आदि. अद्यतन प्रस्तुतियां तथा सूचनाएं जैसे बैंक की ब्याज दर से युक्त पृष्ठ इसके जरिए बैंक की वेबसाइट में जाने की सुविधा तथा किसी दोस्त को परिचय कराने की सुविधा इस एप्लिकेशन में उपलब्ध है. आनलाइन पर पासवर्ड को रीसेट किया जाना, वित्तीय कैलेंडर बनाए रखना, हमारी शाखा/

एटीएम को पहचानना, हिन्दी/कन्नड भाषाओं में विवरण दर्शाया जाना, आदि जैसी आकर्षक विशेषताओं के साथ प्रचलित वर्ष के दौरान वी-ई पासबुक+2.00 का नया स्पांतरण जारी किया गया. यथा 31.03.2015 को यह सुविधा प्राप्त करने हेतु 1,47,694 ग्राहकों ने पंजीकृत किया है.

चेक ट्रंकेशन प्रणाली

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशानुसार हमारे बैंक ने सभी एमआईसीआर केंद्रों को कवर करते हुए उत्तरी, दक्षिणी व पश्चिमी ग्रिड में चेक ट्रंकेशन प्रणाली का कार्यान्वयन किया है. एमआईसीआर केंद्रों में अंतरण करने के बाद, भा.रि.बैं ने बैंकों को गैर एमआईसीआर केंद्रों को अंतरण करने का निदेश दिया है. यथा 31 मार्च 2015 को मौजूदा गैर एमआईसीआर समाशोधन की शाखाएं 30 स्थानों में सीटीएस समाशोधन पर सक्रिय हैं.

सुरक्षा परिचालन केंद्र

सुरक्षा सूचना व घटना प्रबंधन समाधान (एसआईईएम) एवं सह-संबंध टूल सहित सुरक्षा परिचालन केंद्र स्थापित किया गया जो आक्रमण को क्रियात्मक रूप से रोकने/कम करने में बैंक को मददगार होगा. हमारे बैंक ने सामान्य आरएफपी के तहत भारत सरकार की नयी पहल के अनुसार सुरक्षा परिचालन केंद्र के कार्यान्वयन हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के 9 बैंकों के लिए सामान्य अधिप्राप्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया है तथा उक्त परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है.

आंतरिक निरीक्षण

बैंक ने सुपरिभाषित आंतरिक लेखा परीक्षा नीति लागू की है. मंडल की लेखा परीक्षा समिति लेखा परीक्षा कार्य की देखरेख करती है तथा सुधार लाने के लिए मार्गदर्शन देती है.

वर्ष 2014-15 के दौरान 1314 शाखाओं का जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षण किया गया तथा लेखा परीक्षित शाखाओं में से 78.84% शाखाओं को 'कम जोखिम' दर्जा दिया गया. इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान 12 सेवा शाखाओं, 27 करेंसी चेस्ट, 15 आरएसीपीसीयों, 9 एमएसएमई कक्षों, 17 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा 07 प्रधान कार्यालय के विभागों का निरीक्षण किया गया. बैंक के 82.27% कारोबार समवर्ती लेखा परीक्षा के अधीन प्रावरित किया है जबकि भा.रि.बैंक मानदंड के अनुसार न्यूनतम 50% कारोबार को प्रावरित किया जाना है.

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी), धन शोधन निवारण (एएमएल) तथा आतंकवाद को वित्तीयन की रोकथाम (सीएफटी)

बैंक ने 'अपने ग्राहक को जानिए', ' धन शोधन निवारण ' तथा 'आतंकवाद को वित्तीयन की रोकथाम' पर व्यापक नीति बनाई है और क्षेत्र स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता हेतु प्र.का.स्थित केवाईसी कक्ष द्वारा इसका कार्यान्वयन किया जाता है. केवाईसी मानदंडों, एएमएल मार्गनिर्देशों तथा सीएफटी प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को आवश्यक अनुदेश दिए गए हैं, जो भा.रि.बैं., भारत सरकार तथा भा.बैं.सं. तथा अन्य नियामक प्राधिकार के अनुदेशों के आधार पर समय-समय पर अद्यतन/संशोधित किए जाते हैं. उच्च स्तर में यह सुनिश्चित किया जाता है कि केवाईसी मानदंड के अनुदेश व अन्य मार्गनिर्देश सच्ची भावना से कार्यान्वित किए जा रहे हैं.

निगरानी किए गए अधिक मूल्य के लेनदेन घोषणा किए गए कारोबार / व्यवसाय के अनुरूप हो. आवश्यक अलर्ट सृजित करने हेतु एएमलॉक सॉफ्टवेयर का नियोजन किया गया है. नकद लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर), संदेहजनक लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) तथा जाली करेंसी रिपोर्ट (सीसीआर), क्रास बार्डर वायर अंतरण (सीबीडब्ल्यूटी) तथा अधिक मूल्य के गैर-लाभार्जन संस्थाओं के नकद लेनदेनों को निर्धारित आवधिकता में एफआईयू-आईएनडी को प्रेषित किए जाते हैं. यूएन द्वारा उपलब्ध करायी गयी आतंकवादीयों की सूची से ग्राहकों के नाम का मिलान करने के लिए एक सिस्टम सहायता उपलब्ध करायी गयी है, जो आंतकवादियों तथा संबद्ध सत्व के खातों को न खोलने में सहायता करती है.

आंतरिक निरीक्षकों, समवर्ती लेखापरीक्षकों, सर्तकता निरीक्षकों तथा कार्यपालकों द्वारा शाखा निरीक्षण के दौरान केवाईसी मानदंडों तथा एएमएल मार्गनिर्देशों के कार्यान्वयन की जाँच की जाती है. बैंक द्वारा प्रस्तावित है कि केवाईसी/एएमएल जांच के लिए ग्राहक जैसे अन्य व्यक्तियों का भी प्रयोग में लाया जाएगा.

ऑफसाइट निगरानी यूनिट (ओएमयू)

निरंतर आधार पर अपवादस्वरूप लेनदेनों पर निगरानी रखने के लिए तथा महत्वपूर्ण मदों पर प्रबंधन सूचना प्रणाली की रिपोर्ट बनाने हेतु बैंक में ऑफ साइट निगरानी कक्ष गठित किया गया. उच्च, मध्यम तथा कम जोखिम श्रेणी में वर्गीकृत की गई रिपोर्टों का विश्लेषण किया जाता है तथा आवश्यक कार्रवाई शुरु की जाती है. प्रभावी अनुवर्ती कार्रवाई तथा प्रतिपुष्टि हेतु सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में नोडल अधिकारियों को पहचाना गया. महत्वपूर्णता तथा निगरानी की आवश्यकताओं के आधार पर, बनाई जानेवाली तथा निगरानी की जानेवाली रिपोर्टों का एक सेट बैंक द्वारा पहचानित है. ओएमयू ब्याज का परिकलन, संसाधन प्रभार की वसूली, आदि जैसे मुख्य शर्त व निबंधनों के अनुपालन के संबंध में ऋण मंजूरी की जांच/वैधीकरण, राजस्व रिसाव का पता लगाना तथा डेटा क्लीनिंग कार्य भी करता है.

धोखाधडी निगरानी कक्ष : बैंक में एक स्वतंत्र धोखाधडी निगरानी कक्ष है, जो वर्गीकरण और प्रस्तुतीकरण से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान ₹ 329 करोड मूल्य के 36 धोखाधडी के मामलों का पता लगाया गया. सभी धोखाधडी के मामलों की छानबीन व्यवस्थित रूप से की गई तथा कार्यप्रणाली एवं पद्धति के अनुसार विश्लेषित किए गए तथा समय पर नियामक प्राधिकारियों को प्रस्तुत किए जाते हैं.

सभी धोखाधडी के मामलों के संबंध में पुलीस/सीबीआई मुकदमा दर्ज किए जाते हैं. ₹ 1 लाख से अधिक मूल्य के धोखाधडी के मामले मंडल

के सम्मुख प्रस्तुत किए जाते हैं तथा मंडल के अनुदेश/दिशानिर्देश का कार्यान्वयन किया जाता है. बडे मूल्य के धोखाधडीयों की समीक्षा आवधिक अंतराल पर मंडल की विशेष समिति के सम्मुख प्रस्तुत की जाती है. सभी धोखाधडी के मामलों में नवीनतम स्थिति/प्रगति के संबंध में त्रैमासिक आधार पर भा.रि.बैं को रिपोर्ट करनी है. धोखाधडी हेतु कोशिश किए गए मामलों के संबंध में भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों का पालन करना है. धोखाधडी रोकथाम के उपाय तथा प्रणाली में सुधार पर आवधिक दिशानिर्देश/अनुदेश जारी किए जाते हैं.

सतर्कता

प्रधान कार्यालय में बैंक के सतर्कता विभाग की अध्यक्षता महा प्रबंधक स्तर के मुख्य सतर्कता अधिकारी कर रहे हैं जो भारतीय स्टेट बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है. सतर्कता विभाग, बैंक का सारा सतर्कता कार्य केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित मार्गनिर्देशों के अनुरूप करता है. इसके अतिरिक्त, सतर्कता विभाग निवारक सतर्कता उपाय के रूप में शाखाओं और नियंत्रक कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण भी करता है. ये क्षेत्रीय कार्यालयों में स्थित क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारियों द्वारा किए जाते हैं. एक ही प्रकार की धोखाधडियों को बार-बार होने से रोकने और निवारक सतर्कता उपायों को सशक्त बनाने के लिए मौजूदा प्रणाली में कमियों को हटाने के सभी प्रयास किए जाते हैं.

अनुपालन

मंडल अनुमोदित अनुपालन नीति, भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशानुसार अपेक्षित है तथा तदनुसार बैंक ने अनुपालन नीति अपनायी है. अनुपालन विभाग, प्र.का. सुनिश्चित करता है कि प्रधान कार्यालय में भारत सरकार, भा.रि.बैं., भा.बैं.सं. तथा दूसरों से प्राप्त विभिन्न संप्रेषण का अनुपालन किया जाता है जिसके लिए संबंधित परिचालनात्मक विभागों को अपेक्षित कार्रवाई के लिए ऐसे सभी संप्रेषण भेजे जाते हैं. अनुपालन विभाग की अध्यक्षता मुख्य अनुपालन अधिकारी कर रहे हैं जो महा प्रबंधक स्तर के है.

सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005

भारत सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया जो 12 अक्तूबर 2005 को लागू हुआ. यह अधिनियम प्रत्येक नागरिक को सार्वजनिक प्राधिकारियों के नियंत्रणाधीन सूचना पाने/पहुंचने का हक प्रदान करता है. प्रशासन में तथा इससे संबंधित या प्रासंगिक मामले में खुलापन, पारदर्शिता तथा जवाबदेही लाना ही इसका उद्देश्य है.

बैंक ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सभी शाखा प्रबंधकों को **सहायक जन सूचना अधिकारी**, सभी 27 क्षेत्रीय कार्यालयों की दूसरी पंक्ति के कार्यपालकों को **सार्वजनिक सूचना अधिकरि** तथा क्षेत्रीय प्रबंधकों को अपील प्राधिकारियों के रूप में पदनामित किया है. प्र.का. में उप महा प्रबंधक को **जन सूचना अधिकरि** तथा महा प्रबंधक को अपील प्राधिकारी के रूप में पदनामित किया है. समग्र बैंक में, सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 28 कार्यालयों को जन सूचना अधिकारी तथा अपील अधिकारी उपलब्ध कराए गए हैं.

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत मांगी गयी सूचना निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रस्तुत की जाती है. वर्ष 2014-15 के दौरान, इस सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत बैंक को 995 आवेदन व 133 अपील प्राप्त व निपटाए गए.

सुरक्षा व्यवस्था

बैंक की संगठनात्मक संरचना के अंतर्गत अधिकारों व जिम्मेदारियों का स्पष्ट प्रत्यायोजन युक्त, सुसंस्थापित सुरक्षा व्यवस्था बैंक में मौजूद है. विभाग द्वारा सभी मुद्राकोषों तथा बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा नियमित आधार पर की जाती है, क्योंकि गतिशील वातावरण में नए खतरे उभर सकते हैं जो विभिन्न सुपुर्दगी केंद्रों के लिए नई चुनौतियां बन सकती हैं. बैंक सुरक्षा को मजबूत बनाया गया है ताकि वह अधिक प्रभावी, आधुनिक और बाधारहित सुरक्षा प्रणाली हो सके. भा.रि.बैं./भा.बैं.सं. के दिशानिर्देशानुसार लगभग सभी शाखाओं में सभी जरूरी तथा अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था की गयी है. सुरक्षित एवं भरोसेमंद बैंकिंग सुनिश्चित करने हेतु सभी शाखाओं में सिक्युरिटि अलार्म सिस्टम और सीसीटीवी निगरानी प्रणाली उपलब्ध कराया गया है. सुरक्षा की दृष्टि से भेद्य के रूप में वर्गीकृत शाखाओं को कार्य समय के दौरान सशस्त्र सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराये गये हैं.

क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी विद्यमान सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने तथा इन व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के उपायों पर सुझाव देने के लिए नियमित आधार पर शाखा निरीक्षण करते हैं. क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कानून व्यवस्था लागू करने वाली ऐजन्सियों के साथ निकट संपर्क बनाए रखते हैं. वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य में नयी चुनौतियों का सामना करने हेतु बैंक में सुरक्षा व्यवस्थाओं का अनवरत तौर पर सुदृढ किया गया है.

भा.रि.बैं. मार्गनिर्देशानुसार, बैंक के सभी मुद्राकोषों में एक्सेस कन्ट्रोल सिस्टम मजबूत बनायी गयी है, सभी नकद परिचालन सीसीटीवी निगरानी के अधीन किये जा रहे हैं. सुरक्षा अधिकारी / निरीक्षण अधिकारी द्वारा मुद्राकोषों के दौरे के दौरान सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करना अनिवार्य बनाया गया है. मुद्राकोषों के तिजोरी कक्ष में प्रवेश करनेवाले / से बाहर जानेवाले प्रत्येक व्यक्तिका प्रभावी और अचूक तरीके से तलाशी ली जाती है. एक्सेस नियंत्रण उपायों को सशक्त बनाने हेतु बैंक की सभी मुद्रा कोषों में बयोमेट्रिक एक्सेस नियंत्रण प्रणाली संस्थापित की गयी है.

मुद्राकोष/शाखाओं में नियोजित सशस्त्र सुरक्षा गार्डों को, वार्षिक आधार पर फाइरिंग अभ्यास सहित प्रशिक्षण दिया जाता है. सुरक्षा अधिकारियों के लिए वार्षिक तौर पर पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया जाता है. क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय में गठित सुरक्षा समिति प्रत्येक सुपुर्दगी केंद्र की भेद्यता की समीक्षा व आकलन करने तथा शाखाओं/ मुद्राकोषों और एटीएम साइटों में सुरक्षा व्यवस्थाओं को अधिक सशक्त बनाने हेतु सक्रिय कदम उठाने के लिए आवधिक तौर पर मिलती है.

मानव संसाधन विकास प्रबंधन

श्रमशक्ति

बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या मार्च 2014 के 12822 की तुलना में मार्च, 2015 में 13617 रही. कुल स्टाफ में से, 6271 अधिकारी, 4304 लिपिकीय कर्मचारी, 2349 अधीनस्थ कर्मचारी तथा अधीनस्थ संवर्ग में 693 अंशकालीन कर्मचारी हैं. मार्च 2015 के अंत तक बैंक के कुल 13617 कर्मचारियों में महिला कर्मचारियों की संख्या 3426 रही जिसमें 1469 अधिकारी और 1957 एवार्ड स्टाफ हैं. मार्च 2015 के अंत तक शारीरिक रूप से अक्षम वर्ग में 271 कर्मचारी और भूतपूर्व सैनिक वर्ग में 751 कर्मचारी रहे.

भर्ती

वर्ष के दौरान बैंक ने विभिन्न श्रेणियों/वेतनमानों में 583 अधिकारियों तथा 277 परिवीक्षाधीन लिपिकों की भर्ती की. बैंक ने सशस्त्र गार्ड, चपरासी और अंशकालिक सफाई कर्मचारी के अधीनस्थ संवर्ग में 732 कर्मचारियों की भी भर्ती की.

पदोन्नतियां

वर्ष 2014-2015 के दौरान की गयी पदोन्नतियां निम्नानुसार हैं :

क्रम सं.	से पदोन्नति	तक पदोन्नति	कुल पदोन्नत
1	उ.का.श्रे.वे-VI	उ.का.श्रे.वे- VII	8
2	व.प्र.श्रे.वे-V	उ.का.श्रे.वे-VI	17
3	व.प्र.श्रे.वे-IV	व.प्र.श्रे.वे-V	46
4	म.प्र.श्रे.वे-III	व.प्र.श्रे.वे-IV	66
5	म.प्र.श्रे.वे-II	म.प्र.श्रे.वे-III	166
6	क.प्र.श्रे.वे-I	म.प्र.श्रे.वे-II	139
7	लिपिकीय	क.प्र.श्रे.वे-I	173
8	अधीनस्थ कर्मचारी	लिपिक	133

प्रशिक्षण

बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली को अतिरिक्त सक्षम श्रमशक्ति के जरिए सुदृढ किया गया है. कर्मचारियों के लिए वर्तमान तथा भविष्य के समनुदेशों को संभालने तथा उत्तम प्रतिस्पर्धी तकनीकी आधारित ग्राहकोन्मुखी बैंकिंग वातावरण में अपने कर्तव्यों तथा दायित्वों को ठीक से निभाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम को पुन: तैयार किया गया है. बैंक अपने कर्मचारियों को कुछ प्रतिष्ठित बाह्य प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से कुछ विशेषीकृत क्षेत्र जैसे ऋण, फॉरेक्स, खजाना प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, मानव संसाधन, विपणन आदि में भी प्रशिक्षण दिलवा रहा है. इस वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने 9579 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया जो कि कुल कर्मचारियों का 70.34% बनता है. इनमें से 8291 कर्मचारियों को बैंक की अपनी संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाया गया, 1288 को समुद्रपारीय संस्थाओं सहित प्रतिष्ठित बाह्य प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाया गया.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्ग कर्मचारि

मार्च 2015 के अंत तक कुल 13617 स्टाफ में से 2752 अनुसूचित जाति वर्ग के थे, 993 अनुसूचित जनजाति और 2816 अन्य पिछडे वर्ग के थे.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कक्ष

अ.जा./अ.ज.जा. कक्ष सभी 27 क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं तथा अ.जा./अ.ज.जा. के वरिष्ठ अधिकारी को संपर्क अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है. प्रधान कार्यालय में अ.जा./अ.ज.जा. कक्ष मुख्य संपर्क अधिकारी के अधीन कार्यरत है.

अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों की शिकायतों पर विचार करके उन पर तुरंत निवारक कार्रवाई की जाती है. मुख्य संपर्क अधिकारी अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी कल्याण संघ व उनके प्रतिनिधियों को प्रधान कार्यालय में मिलते हैं तथा यदि कुछ मामले हो तो प्र.का. के संबंधित विभाग को निवारण हेतु भेज देते हैं. इसी प्रकार क्षेत्रीय प्रमुख/संपर्क अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर शिकायतों का निवारण करते हैं.

आगे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और अ.जा./अ.ज.जा. प्रतिनिधियों के बीच तिमाही बैठक नियमित तौर पर सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार आयोजित की जाती है. इन बैठकों में, अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों से संबंधित यदि कोई शिकायत हो तो, अ.जा./अ.ज.जा. कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया जाता है तथा निपटाया जाता है. सभी अभ्यावेदनों को एक रजिस्टर में प्रविष्टि की जाती है तथा प्रत्येक अभ्यावेदन पर की गयी कार्रवाई भी दर्ज की जाती है. रजिस्टर को समय-समय पर मुख्य संपर्क अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया जाता है.

इसी प्रकार सभी 27 क्षेत्रीय कार्यालयों व प्रधान कार्यालय में अ.पि.व. के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी के अधीन, अलग से अ.पि.व. कक्ष कार्यरत है.

बैंक नियमित तौर से अ.जा/अ.ज.जा. व अ.पि.व. के लिए(अर्थात अधीनस्थ कर्मचारी,लिपिक तथा वेतनमान III तक के अधिकारियों के लिए) पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था करता है.

हमारा बैंक अ.जा/अ.ज.जा., अ.पि.व. व अल्प संख्यक समुदाय के कर्मचारियों के लिए भारत सरकार की सभी आरक्षण नीति का अनुपालन कर रहा है जिसमें शारीरिक रूप से असक्षम व्यक्ति भी शामिल हैं.

स्टाफ संबंध

बैंक द्वारा व्यवहार्य एवं मानवीय दृष्टिकोण रखने के कारण बैंक को सकारात्म क परिणाम प्राप्त हुए और बैंक प्रबंधन तथा बैंक के कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से बैंक लगातार प्रगतिशील वृद्धि दिखा रहा है. वातावरण सकारात्मक है तथा इसका परिणाम मार्च 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की निरंतर वृद्धि के रूप में परिलक्षित हुई. बैंक में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण तथा स्नेहपूर्ण रहा. वर्ष के दौरान कर्मचारियों द्वारा बैंक से संबंधित मुद्दों के लिए कोई आंदोलन अथवा अशान्ति नहीं रही. कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करने तथा विवाद, यदि कोई, को सौहार्दपूर्ण तरीके से दूर करने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित अंतरालों पर सलाहकार समिति बैठक तथा समझौता समिति बैठकें आयोजित की जाती है तथा इन बैठकों में बैंक के शीर्ष कार्यपालक उपस्थित होते हैं .

खेलकूद गतिविधियां

बैंक की खेलकूद टीमों ने वर्ष 2014-15 के दौरान उत्कृष्ट निष्पादन दर्शाया है. हमारे बैंक की बॉस्केटबॉल टीम ने पेरियकुलम,तमिलनाडु में आयोजित अखिल भारतीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट जीता. टीम ने कर्नाटक राज्य बास्केटबाल असोसियेशन द्वारा आयोजित विख्यात असोसियेशन कप तथा स्टेट सीनियर डिविजन लीग भी जीता. रसिडेंसी रोड, बैंगलूर शाखा में कार्यरत श्री. अरविंद ए. को गुडगांव में आयोजित इंडियन बास्केटबॉल टीम के प्रिपरेशन कैंप के लिए चुना गया. बैंक की बॉस्केटबाल टीम के चार सदस्य, श्री अरविंद.ए., श्री अनिल कुमार.बी.के., श्री राजेश उप्पर और श्री.रॉबी थामस वरिष्ठ राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल चैम्पीयनशिप और 35 वीं राष्ट्रीय गेम्स में कनार्टक का प्रतिनिधित्व करने हेतु चुने गए.

बैंक की क्रिकेट टीम ने चेन्नै व कोच्ची में क्रमश: आयोजित अखिल भारतीय वाईएससीए क्रिकेट टूर्नमेंट और अखिल भारतीय बीपीसीएल कोच्ची रिफ ाइनरीज क्रिकेट टूर्नमेंट में द्वितीय स्थान हासिल किया . कोच्ची में आयोजित टूर्नमेंट में श्री. मुहम्मद अस्लम ए.पी.,लिपिक, शांतिनगर शाखा को श्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया. हमारे बैंक की क्रिकेट टीम के सदस्य श्री. आर.विनय कुमार कर्नाटक रणजी टीम का वर्तमान कप्तान है, जिसने लगातार दूसरी बार रणजी ट्रॉफी टूर्नमेंट जीता है. श्री. सी.एम.गौतम, सहायक प्रबंधक, शांतिनगर शाखा जो कर्नाटक रणजी टीम का उप कप्तान भी है, टीम का अभिन्न अंग है. श्री.नियाज निसार,लिपिक, एन.आर.रोड शाखा ने वर्ष 2014-15 में रणजी ट्रॉफी में केरल का प्रतिनिधित्व किया.

बैंक की कब्बड्डी टीम ने भी उत्कृष्ट निष्पादन दर्शाया. कब्बड्डी टीम ने कोरटगेरे, गूलूर, आनेकल, मंगलूर और कर्कला में आयोजित 5 राज्य स्तर कब्बडी टूर्नामेंट जीता. बैंक की कब्बड्डी टीम ने मुधोल, कर्नाटक में आयोजित अखिल भारतीय कब्बडी टूर्नामेंट और हेबगोडी,कर्नाटक में आयोजित राज्य स्तर कब्बड्डी टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया. श्री.सेल्वराजन आर., सेवा शाखा, श्री. प्रशांत रै, इंदिरानगर शाखा, श्री.सुकेश हेग्डे, एचए एल तीसरा स्टेज और श्री. कीर्ती.एच.एस, नागप्पा ब्लॉक शाखा हमारी टीम के कुछ स्टार खिलाडी थे. श्री.सुकेश हेग्डे ने फुकेट,थाईलैंड में आयोजित बीच कब्बड्डी चैम्पीयनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया.

स्टाफ कल्याण उपाय

आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों के अनुसार निवल लाभ के 3%, अधिकतम ₹15.00 करोड तक की राशि को बैंक के कर्मचारियों के कल्याण हेतु आबंटित किया जाना है.

बैंक में विभिन्न स्टाफ कल्याण योजनाएं हैं जैसे

1. कैंटीन अनुदान
2. समाचार पत्र प्रतिपूर्ति
3. वार्षिक स्वास्थ्य जांच
4. प्र.का. तथा एम.एस.आर. नगर, बैंगलूर में स्थित स्वास्थ्य क्लीनिक
5. अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वार्षिक चिकित्सा सहायता
6. रजत जयंती पुरस्कार प्रदान करना
7. स्टाफ सदस्यों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए नकद प्रोत्साहन
8. वी-शक्ति, वी-सुबोधिनी, वी-प्रगति के अधीन बालिकाओं के लिए ₹ 5,000.00 की छात्रवृत्ति प्रदान करना
9. ग्रूप मेडिक्लेम इंश्यूरेंस

विजया बैंक स्टाफ कल्याण निधि न्यास

विजया बैंक स्टाफ कल्याण निधि न्यास को वर्ष 21.09.2002 से गठित किया है:

स्टाफ कल्याण निधि न्यास के अधीन बैंक की कई योजनाएं हैं जैसे

1. कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति देना
2. अस्पतालीकरण व्यय के दावे के शेष व्यय की प्रतिपूर्ति
3. चश्मे के व्यय की प्रतिपूर्ति
4. मृत कर्मचारी के आश्रितों को अंतिम संस्कार व्यय
5. अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देना
6. मानसिक रूप से अक्षम /स्पास्टिक बच्चों के माता-पिता, जो हमारे कर्मचारी है, उनको सहायता/छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु योजना
7. शारीरिक रूप से अक्षम कर्मचारियों/उनके बच्चों को कृत्रिम अंग / श्रवण उपकरण/बैसाखी आदि उपलब्ध कराने हेतु योजना
8. गोवा, दारजीलिंग, शिमला, तिरुपति, बेंगलूर, मैसूर, ऊटी, दिल्ली व मुंबई में हॉलिडे होम.

बैंक, परिवार कल्याण योजना भी चला रहा है जिसके अधीन योजना के सदस्यों से एकत्रित राशि मृतक स्टाफ सदस्य के परिवार के सदस्यों (नामितियों) को वितरित की जाती है.

मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली

त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा कर्मचारियों से संबंधित त्रुटिमुक्त डाटा के प्रबंधन को सुचारू बनाने हेतु प्रधान कार्यालय के केंद्रीकृत स्थान में बैंक ने एचआरएमएस (पीपलसॉफ्ट) सॉफ्टवेयर को कार्यान्वित किया है.

एचआरएमएस सॉफ्टवेयर में, लाभों का प्रशासन, पे-रोल तथा प्रशिक्षण सहित कई मानव संसाधन कार्य को एक ही पैकेज में एकीकृत किया गया है.

आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थान पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम, 2013 (आगे इसे अधिनियम कहा जाएगा) लागू हो गया है और इसे भारत के राजपत्र में असाधारण, भाग ।।, अनुभाग । दि. 23.04.2013 में 2013 के अधिनियम सं 14 के रूप में प्रकाशित किया गया है.

यह अधिनियम, कार्यस्थान पर महिलाओं का यौन उत्पीडन के प्रति सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा यौन उत्पीडन के मामलों से संबंधी शिकायतों के रोकथाम व निवारण तथा इस संबंधी या आनुषंगिक मामलों के लिए है.

उक्त अधिनियम की धारा 4 के अनुपालन के अनुरूप, बैंक द्वारा कार्यस्थान पर लिंग भेद तथा यौन उत्पीडन से संबंधित स्टाफ सदस्यों से प्राप्त शिकायतों को निपटाने हेतु प्रधान कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है.

प्रधान कार्यालय में गठित आंतरिक शिकायत समिति में निम्न सदस्य हैं:

1. श्रीमती निर्मला श्रीधर, महा प्रबंधक – अध्यक्ष
2. श्रीमती कमलाक्षी हेगडे, मु.प्र. – सदस्य
3. श्री कृष्ण कुमार, मु.प्र. – सदस्य
4. श्रीमती भानुमती रामसामी, प्रबंधक – सदस्य
5. श्रीमती संदीपा मुल्लत, प्रबंधक – सदस्य
6. श्रीमती गीता मेनन – एनजीओ – सदस्य

उक्त अधिनियम की धारा 22 में निर्धारित किया गया है कि नियोजक द्वारा इस अधिनियम के अधीन फाइल किए गए मामले, यदि हो और निपटाये गये मामलों की संख्या को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया जाना है.

केंद्र सरकार ने भी इस अधिनियम के तहत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कार्यस्थान पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध, निवारण) नियम, 2013 तैयार की है. नियम 14 के अधीन नियोजक को वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी करते समय निम्न सूचना शामिल की जानी है:

क. वर्ष के दौरान प्राप्त यौन उत्पीडन की शिकायतों की संख्या

ख. वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या

ग. 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या

घ. यौन उत्पीडनों के प्रति जागरूकता हेतु आयोजित कार्यशाला या कार्यक्रमों की संख्या

ङ. नियोजक द्वारा ली गई कार्रवाई की प्रकृत्ति

तदनुसार, समिति द्वारा अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक प्राप्त शिकायतों का विवरण नीचे संलग्न है.

क्रम सं	वर्ष के दौरान प्राप्त यौन उत्पीडन की शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान निपटाये गए शिकायतों की संख्या	90 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या	यौन उत्पीडन के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु आयोजित कार्यशाला या कार्यक्रम	नियोक्त या जिला अधिकारी द्वारा ली गई कार्रवाई की प्रकृति
1	7	6	**शून्य** (1 लंबित है > 90 दिन)	2 महिला शाखा प्रबंधकों के लिए विशेष कार्यक्रम महिला कर्मचारियों के लिए विशेष कार्यक्रम सदर्न इंडिया बैंक, एसटीसी, बैंगलूर में आयोजित 58 महिला अधिकारियों ने भाग लिया	6 मामलों में से – 4 मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाया गया. 2 मामलों को कार्मिक विभाग (औ. सं.वि) को इस मामले में उचित कार्रवाई लेने हेतु निर्दिष्ट किया गया.

अन्य सेवाएं

व्यापारि बैंकिंग व सहायक गतिविधियां

बैंक, व्यापारी बैंकिंग गतिविधियां जैसे श्रेणी । व्यापारी बैंकर, निर्गम बैंकर, डिबेंचर ट्रस्टी, निक्षेपागार भागीदारी के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से पंजीकृत है. ब्लाक की गयी राशि द्वारा समर्थित एप्लिकेशनों (एएसबीए) के अधीन जारी आईपीओ/अधिकार स्वीकृत करने के लिए 'स्व प्रमाणित सिंडिकेट बैंक' के रूप में भी बैंक पंजीकृत है.

बैंक, ब्याज/लाभांश/कॉर्पोरेटों के धनवापसी आदेशों के भुगतान के लिए भुगतान बैंकर का कार्य भी करता है. बैंक अपने ग्राहकों को जमा निक्षेपी सेवाएं तथा ऑन-लाइन ट्रेडिंग भी प्रदान करता है.

सरकारि कारोबार

विभिन्न सरकारी कारोबार के अधीन बैंक अपनी 276 शाखाओं में प्रत्यक्ष कर की वसूली कर रहा है. बैंक ने वी-नेट बैंकिंग के जरिए अपने सभी ग्राहकों के लिए अपनी सभी शाखाओं में सीबीडीटी व सीबीईसी के करों का ऑनलाइन भुगतान शुरू किया है. बैंक की 888 शाखाएं लोक भविष्य निधि खाते खोलने के लिए पदनामित हैं. इसके अलावा, सभी शाखाएं केंद्रीय सिविल, रक्षा, टेलिकॉम पेंशन तथा कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल व 4 मेट्रो शहरों के राज्य पेंशन संवितरित करने के लिए प्राधिकृत है. केंद्र सरकार पेंशनरों की पेंशन का केंद्रीकृत भुगतान करने के लिए प्र.का. में केंद्रीकृत पेंशन संसाधन कक्ष स्थापित किया गया है. एनपीएस स्वावलंबन योजना के अधीन अंशदान स्वीकृत करने हेतु 1487 शाखाओं को एनपीएस-लाइट संग्रहण केंद्र (एल-सीसी) के रूप में पदनामित किया गया है.

एलआईसी के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी

ग्राहकों की जीवन बीमा आवश्यकताओं के लिए बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था की है.

यूआईआईसी के साथ कार्पोरेट एजेंसी

ग्राहकों की गैर-जीवन बीमा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक ने यूनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस कंपनी लि. के साथ कार्पोरेट एजेन्सी करार किया है.

उधारकर्ताओं के लिए समूह बीमा कवरेज

बैंक ने वैयक्तिक उधारकर्ताओं के सामूहिक कवरेज हेतु मेसर्स बजाज अलायन्स लि. के साथ व्यवस्था की है.

निधि अंतरण सेवाएं (परंपरागत तथा ऑनलाइन)

बैंक, निधि अंतरण सेवाओं के लिए मनीग्राम तथा एक्सप्रेस मनी का सब-एजेंट है. मनीग्राम के अधीन, बैंक की यूएई विनिमय व वित्तीय सेवाएं तथा थॉमस कुक (इंडिया) लि. दोनों के साथ टाइ-अप व्यवस्था है. एनआरआई को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करते हुए ऑनलाइन निधि अंतरण हेतु (रेमिट 2 इंडिया) बैंक ने टाइम्स ऑफ मनी लि. के साथ टाइ-अप व्यवस्था की है. वेस्टर्न युनियन मनी ट्रान्स्फर सेवांएं के लिए बैंक ने स्पाईस ग्रुप कंपनी के वॉल स्ट्रीट फाइनैंस लिमिटेड के साथ टाई-अप व्यवस्था की हैं.

क्रेडिट कार्ड कारोबार

वित्तीय वर्ष के अंत तक बैंक द्वारा जारी कुल सक्रिय कार्ड 1,59,149 लाख है और यथा 31.03.2014 को ₹ 458.18 करोड क्रेडिट कार्ड पण्यावर्त की तुलना में क्रेडिट कार्ड पण्यावर्त ₹ 514.57 है. बैंक अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के लिए चिप आधारित कार्ड जारी कर रहा है.

यथा 31.03.2014 में 1293 प्रतिष्ठानों की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक द्वारा सूचीबद्ध किए गए व्यापारिक प्रतिष्ठानों की संख्या 917 है. जिन प्रतिष्ठानों ने 12 महीनों से अधिक समय के लिए कारोबार नहीं दिया है उन्हें विभाग ने सूची से निकाल दिया है. बैंक कॉर्डलेस कॉर्ड स्वाइपिंग मशीन भी उपलब्ध कराता है और ये टर्मिनल ईएमवी/यूकेपीटी/ टीएलई का अनुपालन करता है तथा PIN@POS समर्थ है. हमारी कोर बैंकिंग शाखाओं में खाता अनुरक्षित करनेवाले व्यापारियों को बैंक सीधा भुगतान करता है.

डेबिट कार्ड

डेबिट कार्ड जारी करने में अच्छी बढोत्तरी हुई है. यथा 31 मार्च 2014 में जारी 518809 कार्डों के प्रति वर्ष 2014-15 में जारी किए गए डेबिट/एटीएम कार्डों की संख्या 1539854 है. यथा 31.03.2014 को डेबिट कार्ड पण्यावर्त ₹ 464.96 करोड के प्रति 2014-2015 के दौरान डेबिट कार्ड पण्यावर्त ₹ 577.42 करोड रहा. बैंक जन-धन खाते खोल रहा है तथा रुपे तथा वीआईएसए के सहयोग के साथ मार्च 2015 में प्लाटिनम कार्ड जारी किया है.

निक्षेपागार भागीदारि खाता व ऑनलाइन ट्रेडिंग

विजया बैंक का निक्षेपागार भागीदारी खाता राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड के साथ है.

विजया बैंक निम्न निक्षेपागार सेवाएं प्रदान करता है.

- खाता खोलना
- प्रतिभूतियों का अमूर्तीकरण (शेयर, डिबेंचर, म्यूचुअल फंड, आदि)
- एनएसडीएल तथा सीडीएसएल के साथ जुडे स्टॉक विनिमयों में व्यापार का इलेक्ट्रॉनिक निपटान
- बैंक ऋण के प्रति अमूर्त प्रतिभूति की गिरवी/दृष्टिबंधक
- सार्वजनिक निर्गम में आबंटित प्रतिभूतियों की इलेक्ट्रॉनिक जमा
- जब कभी आवश्यक हो खातों का रोक लगाना ताकि खाते से नामे की अनुमति न हो
- अमूर्त खातों के लिए नामांकन सुविधा
- पते, बैंक खाता विवरण में परिवर्तन, आदि से संबंधित सेवाएं
- प्रतिभूतियों का प्रेषण करना
- एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा

बैंक ग्राहकों को निक्षेपागार सेवाएं प्रदान करता है तथा ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रदान करने के लिए आईडीबीआई कैपिटल के साथ टाइ-अप किया है.

सरकारी कारोबार मॉड्यूल (जीबीएम)

सरकारी कारोबार मॉड्यूल को निम्न मॉड्यूलों के साथ कार्यान्वित किया गया है -

- ओल्टास मॉड्यूल, जो कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर की सेवाएं प्रदान करता है तथा नागपुर लिंक सेल के जरिए भा.रि.बैंक को कर रकम के प्रेषण का कार्य करता है.
- लोक भविष्य निधि - बैंक की पदनामित शाखाओं में पीपीएफ स्वीकृत की जाती है.

पेंशन का केंद्रीकृत भुगतान - प्रधान कार्यालय में एक समर्पित केंद्रीकृत पेंशन भुगतान संसाधन कक्ष की स्थापना की गई है. राज्य, केंद्रीय, सिविल, दूरसंचार, रक्षा, न्यायाधीश तथा स्वतंत्रता सेनानी पेंशन जैसे सभी प्रकार के पेंशन का भुगतान केंद्रीकृत रूप से सीपीपीसी कक्ष, प्रधान कार्यालय द्वारा किया जा रहा है.

बैंक में सरकारी मार्गनिर्देशों के अनुसार वरिष्ठ नागरिक बचत योजना भी कार्यान्वित की गई है.

विपणन ढांचा

बैंक के प्र.का. में स्थित विपणन कक्ष देशभर में विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, आरएसीपीसी व एमएसएमई कक्ष में कार्यरत सभी विपणन अधिकारियों की सक्रिय प्रतिभागिता से बैंक के विभिन्न उत्पादों के प्रचार व विपणन में सक्रिय रूप से कार्यरत है.

प्रचार तथा जनसंपर्क

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक व उसके उत्पादों की दृश्यता को संपूर्ण देश में बढाने हेतु अंग्रेजी, हिन्दी व क्षेत्रीय भाषाओं में प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में बैंक ने कई प्रमुख विज्ञापन अभियान आयोजित किए. इस वर्ष बाह्य विज्ञापन मीडिया जैसे हवाई अड्डे तथा दिल्ली मेट्रो रेल्वे स्टेशन, कोलकाता मेट्रो स्टेशन में ट्रान्सलाइट आदि के जरिए प्रमुख प्रचार अभियान किए गए. मेट्रो शहरों में बाह्य विज्ञापन होर्डिंग लगाए गए, रेल्वे स्टेशन/बस अड्डे में ग्लो साइन/साइन बोर्ड विज्ञापन के जरिए प्रचार किया गया.

राजभाषा कार्यान्वयन

राष्ट्रीयकरण से बैंक भारत सरकार की राजभाषा नीति को सही भावना से कार्यान्वयन कर रहा है. स्टाफ सदस्यों के प्रयास से बैंक ने यथा 31.03.2015 को हिन्दी पत्राचार में 'क' क्षेत्र में 100% लक्ष्य के प्रति 90.07%, 'ख' क्षेत्र में 90% लक्ष्य के प्रति 80.64% तथा 'ग' क्षेत्र में 55% लक्ष्य में प्रति 61.49% हासिल किया है.

बच्चों के लिए बचत बैंक उत्पाद 'वी जेन यूथ' बैनर के अधीन सभी 27 क्षेत्रीय कार्यालयों व प्रधान कार्यालय द्वारा हाईस्कूल छात्रों के लिए वी-जेन यूथ हिन्दी गायन प्रतियोगिता/हिन्दी चित्रकला प्रतियोगिता/हिन्दी भाषण प्रतियोगिता, हिन्दी प्रश्न मंच प्रतियोगिता, आदि का आयोजन किया गया. प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा हिन्दी संगोष्ठी (आपसी संवाद कार्यक्रम) का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के अध्यापक व छात्रों, ग्राहकों तथा स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया.

कार्यपालकों/अधिकारियों एवं लिपिक वर्ग के कर्मचारियों के लिए आयोजित कुल 92 हिन्दी कार्यशालाओं में 1610 स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया. इन कार्यशालाओं में यूनिकोड के प्रयोग को अधिक महत्व दिया गया.

दिनांक 08.01.2015 को संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप-समिति द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर एवं सदस्य बैंकों के साथ विचार-विमर्श किया गया जिसमें हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर की सदस्य कार्यालय के रूप में सहभागिता रही.

दिनांक 07.02.2015 को संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति ने हमारी उगदमंडलम शाखा का निरीक्षण किया.

प्रधान कार्यालय में दिनांक 16.09.2014 को हिन्दी समारोह का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर बैंक में सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन हेतु राजभाषा सहायिका का विमोचन किया गया.

बैंक में ई-पासबुक/टेली बैंकिंग में हिन्दी/डाइबोल्ड मशीनों में हिन्दी में एटीएम पर्ची निकालने की सुविधा है. बैंक की विशेष इंट्रानेट राजभाषा वेबसाइट में सभी शाखाओं/कार्यालयों पत्रशीर्ष, कार्यालय नोट, पत्र, आदि उपलब्ध कराकर इसे स्टाफ सदस्यों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाया गया. बैंक की त्रिभाषा वेबसाइट का हिन्दी पाठ समय-समय पर अद्यतित किया जाता है. 'वी-ज्ञान केंद्र' द्विभाषी में उपलब्ध है.

बैंक के प्रधान कार्यालय, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों ने संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों से राजभाषा कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2013-14 के लिए पुरस्कार जीता है - स्टाफ महाविद्यालय, बेंगलूर - प्रथम पुरस्कार ; क्षेत्रीय कार्यालय, हासन - प्रथम पुरस्कार ; मेयो हॉल शाखा -चौथा पुरस्कार ; कर्नालशाखा - सांत्वना पुरस्कार ; क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे को उत्कृष्ट निष्पादन हेतु पुरस्कार.

देश की विभिन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के तत्वावधान में हमारे बैंक ने कई अंतर बैंक प्रतियोगिताएं आयोजित कीं तथा हमारे कई स्टाफ सदस्यों ने पुरस्कार भी जीता है.

वर्ष 2013-14 हेतु बैंक के आंतरिक राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत प्रभावी राजभाषा कार्यान्वयन हेतु प्र.का. विभाग संवर्ग केअधीन कार्मिक विभाग को प्रथम पुरस्कार, योजना व विकास विभाग को द्वितीयपुरस्कार तथा केंद्रीय लेखा विभाग को तृतीय पुरस्कार मिला. उत्कृष्ट क्षेत्र संवर्ग के अधीन चंडीगढ को प्रथम पुरस्कार, लखनऊ को द्वितीय पुरस्कार तथा बेंगलूर (दक्षिण) को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ.

वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनल

ग्राहकों तथा बैंकों के आपसी लाभ के लिए प्रौद्योगिकी समर्थित वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कई कार्यकलाप आयोजित किए गए हैं. ग्राहकों को मेल भेजे गए जिसमें वैकल्पिक सुपुर्दगी माध्यम के प्रयोग से जैसे कि इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड का उपयोग, ऑन-लाइन खरीद पर लाभ तथा आरटीजीएस/एनईएफटी के जरिए निधि अंतरण के लाभ पर प्रकाश डाला गया. कर्मचारियों को इन उत्पादों से परिचय कराने/ इसके प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कर्मचारी महाविद्यालय द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये सारी सुविधाएं व्यावसायिक तरीके से ग्राहकों तक पहुंचायी जाती है.

टेलि बैंकिंग सुविधा

टेलि बैंकिंग सुविधाएं वर्ष 2012-13 के दौरान शुरू की गयी तथा यह सुविधा 24×7 उपलब्ध है. टेलिबैंकिंग सुविधा तीनो भाषाओं में यानि अंग्रेजी, कन्नड तथा हिन्दी में उपलब्ध है. टेलि बैंकिंग ग्राहकों को निम्न सुविधाएं प्रदान करता हैं :

- खाता विवरण: इसमें खाता शेष पूछताछ, पिछले पांच लेनदेन के विवरण, ई-मेइल द्वारा खाता विवरण, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के विवरण उपलब्ध होगा.
- चेक बुक के लिए अनुरोध, भुगतान स्थगन, चेक स्टेटस की जानकारी
- वित्तीय लेनदेन: इसमें स्वयं के खाते में निधि का आंतरण कर सकते है.
- ऋण खाते का विवरण तथा जमाराशि का विवरण
- इंटरनेट बैंकिंग सहायता तथा मोबाइल बैंकिंग सहायता
- खाते को आधार संख्या से जोडना.

इंटरनेट बैंकिंग

वी-नेट बैंकिंग, बैंक का इंटरनेट बैंकिंग चैनल है जिसमें खाता शेष पूछताछ, खाता विवरणी, एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए अंतर बैंक तथा अन्य बैंकों के साथ निधि अंतरण, एसएमएस अलर्ट से संबंधित लेनदेन, अप्रत्यक्ष/ प्रत्यक्ष कर का भुगतान, राज्य वाणिज्यिक कर, यूटिलिटी बिल भुगतान, मंदिरों को ऑनलाइन दान एवं प्रधान मंत्री राहत निधि के लिए ऑनलाइन दान तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है. वी-नेट बैंकिंग में जोड दी गई विशेषताएं निम्नानुसार हैं.

- पासवर्ड को ऑनलाइन पुन: बनाया जा सकता है
- यूजर आईडी व पासवर्ड ऑनलाइन पर सृजित किया जा सकता है
- ग्राहक अपना पीपीएफ खाता देख सकते हैं तथा वी-नेट बैंकिंग सुविधा उपयोग करते हुए जुडे गए अपने परिचालनात्मक खातें से पीपीएफ खाते में निधि का अंतरण कर सकते हैं..
- ग्राहक अपने विजया बैंक क्रेडिट कार्ड विवरण देख सकते हैं.
- ग्राहक आयात एवं निर्यात सीमा शुल्क का भुगतान कर सकते है.

मोबाइल बैंकिंग

वी-मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए बैंक, खाता शेष पूछताछ, खाता विवरणी, मोबाइल रीचार्ज, एनईएफटी द्वारा अंतर बैंक व बैंक की शाखाओं के बीच निधि अंतरण, एयरलाइन टिकेट बुकिंग, मूवी टिकेट बुकिंग, आदि प्रदान कर रहा है जो कि ग्राहक एसएमएस/जीपीआरएस संप्रेषण मोड के जरिए हैंडसेट से कर सकते हें. तत्काल भुगतान सेवा एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) द्वारा शुरू की गई पहल है जिसे मोबाइल बैंकिंग सेवाएं उपयोग करनेवाले ग्राहक के लाभार्थ कार्यान्वित किया गया है. अंतर बैंक मोबाइल भुगतान सेवा (आईएम पीएस) (पी2पी-व्यक्ति से व्यक्ति को) जिसके जरिए 24×7 एमएमआईडी (मोबाइल मनी आइडेंटिफायर) का प्रयोग करके बैंक के अंदर व बैंकों के बीच लेनदेन कर सकते हैं. हमारी मौजूदा मोबाइल बैंकिंग सेवाओं में आईएमपीएस (पी2ए-व्यक्ति से खाते को) कार्यान्वित है जहां ग्राहक एमएमआईडी का उपयोग किए बिना, हिताधिकारी का खाता संख्या तथा आईएफएससी कूट का प्रयोग करते हुए निधि अंतरण कर सकते हैं.

अब हमने वर्धित रूप और भावना के साथ मोबाइल बैंकिंग के नए रूपंतरण का शुभारंभ किया है, जिसमें अतिरिक्त सुविधाएं जैसे कि ग्राहक द्वारा बैंक से सूचनाएं प्राप्त की जाना, निधि आंतरण लेनदेन की टिप्पणी जोड़ना, स्वयं द्वारा आवेदन पासवर्ड उत्पन्न किया जाना और ग्राहकों के अनुकूल अन्य विकल्प उपलब्ध हैं.

एसएमएस अलर्ट्स/ई-मेल

बैंक एसएमएस अलर्ट सेवा भी प्रदान करता है. ₹ 100/- से अधिक सभी लेनदेन तथा चेक लौटाए जाने के संबंध में, चाहे राशि जितनी भी हो, संदेश भेजे जाते हैं. जिन खाताधारकों ने ई-मेल आइडी रजिस्टर किया है, उनको ई-मेल के जरिए खातों की मासिक विवरणी भेजने का कार्य शुरू किया गया है.

एसएमएस अलर्ट निम्न के लिए उपयोग किया जाता है -

- एसएमएस-ओटीपी (एक बारगी पासवर्ड) द्वारा हिताधिकारियों को वी-नेट बैंकिंग में जोडना.
- ऑनलाइन पर वी-नेट बैंकिंग एसएमएस-ओटीपी (एक बारगी पासवर्ड) रीसेट किया जा सकता है.
- अन्य सुरक्षा सुविधाओं के साथ-साथ खुदरा ग्राहक, एसएम एस-ओटीपी (एक बारगी पासवर्ड) द्वारा स्व-प्रयोक्ता बना सकतें है.

वी ज्ञानसागर:

वी ज्ञानसागर विजया बैंक द्वारा जनता के लिए वित्तीय साक्षरता के भाग के रूप में वित्तीय जानकारी प्रदान करने की एक अनूठी पहल है. वी ज्ञानसागर आंड्राइड मोबाइल अनुप्रयोग है, जो ग्राहक को वित्तीय, आर्थिक और बैंकिंग विषय पर दैनिक अद्यतन प्राप्त करने की सुविधा तथा वित्तीय और बैंकिंग शब्दों की व्याख्या प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान करता है

वी अबैकस :

एक मिस कॉल देकर खाता खोलना और टैब बैंकिंग के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा कार्यांवित की गई है.

जो ग्राहक शाखा में आकर खाता नहीं खोल सकते, उनके लिए यह सुविधा उपयोगी है.

वी क्विकपे :

वी क्विकपे हमारे बैंक की एक अनूठी पहल है और अगली पीढ़ी की बिल भुगतान सेवा है, जहां क्यूआर कोड की स्कैनिंग द्वारा बिल का भुगतान किया जाता है. ग्राहक को हम से इस सुविधा का लाभ उठाए व्यापारियों द्वारा उत्पन्न बिल के क्यूआर कोड का स्कैन करना है तथा पीओएस मशीन पर क्रेडिट / डेबिट कार्ड स्वाइप किए बिना बिल के भुगतान करना है. इसमें क्रेडिट और डेबिट कार्ड द्वारा और किसी भी बैंक के नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान करने की सुविधा है. यह उत्पाद एक नया बिल भुगतान चैनल है, जो अब तक भारतीय बैंकिंग उद्योग में किसी भी बैंक द्वारा प्रदान नहीं किया गया है.

यूएसएसडी–एनयूयूपी :

मोबाइल बैंकिंग सेवाएं वर्ष 2009 में बैंक द्वारा शुरू की गई थी. तथापि, जिनके पास उच्च सुविधावाले हैंडसेट नहीं है, मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से प्रदान की जानेवाली बुनियादी बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना उनकी पहुंच से परे थी. अब सभी ग्राहकों के लिए मोबाइल बैंकिंग सुलभ बनाने हेतु बुनियादी मोबाइल फोन पर भी मोबाइल बैंकिंग सेवाएं देने के लिए बैंक द्वारा टेल्कोस द्वारा प्रदान किए गए एनपीसीआई का असंरचित पूरक सेवा डाटा–यूएसएसडी–एनयूयूपी का उपयोग किया गया है.

वी ऑनलाइन बचत बैंक खाता:

हमारी वेबसाइट 'www.vijayabank.com' द्वारा ऑनलाइन बचत बैंक खाता खोलने का विकल्प पेश किया गया था. ग्राहक कों खाता खोलने के लिए अपनी सुविधानुसार अपनी पसंद का स्थान चुनना है. ग्राहक के अनुरोध के संबंध में शाखा एक स्वचालित मेल प्राप्त करती है; शाखा ग्राहक को बुलायेगी और आवश्यक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं को सूचित करेगी. ग्राहक अपने द्वारा चुने दिनांक पर शाखा में जाकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके खाता खोलते हैं.

ग्राहक सेवा और शिकायतों का निपटान

- बैंक में एक सुस्थापित मजबूत शिकायत निवारण तंत्र है. शिकायतों को तुरंत निपटाया जाता है तथा सभी शिकायतों के समयबद्ध निपटान हेतु जोरदार प्रयास किए जा रहे हैं.
- ग्राहक की शिकायते तथा बैंक में ग्राहक सेवा सुधारने की सुझावों की चर्चा करने के लिए मंडल की ग्राहक सेवा समिति तथा ग्राहक सेवा पर स्थाई समिति आवधिकता पर प्रधान कार्यालय में मिलती हैं.
- मानकीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) पहले से हमारे बैंक में है, जो ग्राहकों के लिए शिकायत दर्ज करने के लिए आनलाइन पोर्टल है तथा इससे आगे की कार्रवाई का पता लगाया जा सकता है. विविध माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को ग्राहक शिकायतों के लिए एकीकृत सूचना प्रणाली बनाने हेतु तथा डिजिटलाइजड किया जाएगा. सभी शिकायतों को विभिन्न शीर्ष तथा उपशीर्षों में वर्गीकृत किया जाता है तथा सरल व समयबद्ध निपटान हेतु स्वत: संबंधित विभागों को भेजा जाता है.
- गुप्त निरीक्षण चालू वर्ष में भी जारी रखा गया है, जिसका उद्देश्य, निम्न बातों पर शाखाओं का मूल्यांकन करने के लिए है :

  1. शाखाओं का माहौल
  2. उत्पाद के बारे में स्टाफ का ज्ञान
  3. ग्राहक सेवा
  4. विनियामक निकाय जैसे भा.रि.बैं./बीसीएसबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवार्य प्रकटन की उपलब्धता

  प्रमुख क्षेत्रों के विश्लेषण करने तथा ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए अध्ययन के परिणामों का प्रयोग किया गया.

- **कॉल सेंटर :** सभी प्रकार के ग्राहकों की पूछताछ को निपटाने हेतु बैंक में व्यावसायिक तरीके से प्रबंधित कॉल सेंटर है. क्रेडिट और डेबिट कार्डधारकों के आपाती मामले जैसे कार्ड ब्लॉक करना/हॉटलिस्ट करना, गुमनाम लेनदेन को ट्रैक करना, आदि पर तुरंत सेवा उपलब्ध कराने हेतु बैंक का 24×7 विशेष हेल्प डेस्क है. बैंक सुनिश्चित करता है कि ग्राहक पूछताछ/मामलों को कम समय में ही निपटाया जाता है. इसके लिए बैंक द्वारा नेट बैंकिंग/वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनल (सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक), कार्ड सेवा (24×7) एवं सामान्य बैंकिंग सुबह 8.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक) विशेष कॉल सेंटर की स्थापना की गयी है.

भारतीय बैंकिंग संहिता व मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई)

बीसीएसबीआई का सदस्य होने के नाते भा.रि.बैं. द्वारा तैयार की गयी स्वैच्छिक संहिता को बैंक ने अपनाया है अर्थात (i) 'ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता' (ii) 'सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता'. बैंक ने बीसीएसबीआई के मार्गनिर्देशानुसार कई नीतियों को भी तैयार किया है तथा उनका अनुपालन किया है. संहिताओं के अक्षरश: अनुपालन के उद्देश्य से स्टाफ सामान्य बैंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रमों में संहिताओं के प्रावधानों को समाहित करते हुए ग्राहक सेवा पर एक सत्र को शामिल किया गया है. बीसीएसबीआई ने जनवरी 2014 में' ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता' को संशोधित किया है और बैंक द्वारा संशोधित दिशानिर्देशों को पालन करने हेतु कई कदम उठाये गये हैं.

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

हमारा बैंक सीएसआर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है. तथापि, हमने दिनांक 01.02.2014 की सरकारी राजपत्र अधिसूचना के अनरूप औपचारिक सीएसआर कार्यकलापों को अपनाया है. वित्तीय वर्ष 2014-15 में अपनाए गए प्रमुख पहल इस प्रकार है :

- ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में एक डाक्टर की सेवाएं उपलब्ध कराते हुए अपनाए गए गांवों को सहायता प्रदान करना तथा दवा निःशुल्क देना.
- ₹ 11,55,000/- की राशि मंजूर करते हुए बालिका अंगीकरण योजनांतर्गत हमने 16 बालिकाओं को अपनाया है और अपनाएं साल से स्नातक स्तर तक खर्च के प्रति इस राशि का उपयोग किया जाएगा.
- बस शेल्टर, ओवरहेड टंक, ट्रस्टो/अस्पतालों को एम्ब्युलेंस उपलब्ध कराने जैसे समुदायोन्मुख कार्यक्रमों के लिए दान दिए गए.
- श्री अरविंद भट को ओलम्पिक गेम्स में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गयी.
- सरकारी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी की टंकियां, वाटर प्यूरिफायर, बेंच, सोलार लाइट, पंखा, पुस्तकालय कक्ष आदि के लिए सहायता.
- दलित वर्ग विशेषतः अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व. के कल्याण हेतु विभिन्न न्यासों/प्रतिष्ठानों तथा अनाथाश्रम व वृद्धावस्था केंद्रों व वरिष्ठ नागरिकों को दान, सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछडे समूहों द्वारा सामना किए जानेवाली असमानताओं को कम करने के उपाय के रूप में सहायता.
